CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2021-23

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव







वर्ष- 41 | अंक - 173 | राजनांदगांव, शुक्रवार 12 मई 2023 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# सुप्रीम कोर्ट के दो बड़े फैसले : लोकतंत्र और संघवाद संविधान का हिस्सा, जीतकर भी हार गए उद्धव ठाकरे : 5 में से 4 बाजियां जीते, फिर भी नहीं मिलेगी सत्ता

नई दिल्ली। दो मुख्यमंत्री। एक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बैठे हुए तो दूसरे आर्थिक राजधानी कहे जाने वाली मुंबई में। लेकिन गुरुवार का दिन अरविंद केजरीवाल और एकनाथ शिंदे दोनों के लिए बहुत बड़ा सुकून लेकर आया। दोनों को ये सुकून सुप्रीम कोर्ट के अलग-अलग फैसलों से मिले। ऐसा सुकून जिससे दोनों की बांछें खिल गई होंगी। हो भी क्यों न। केंद्र बनाम दिल्ली सरकार के अधिकारों की लड़ाई में अरविंद केजरीवाल सरकार को ऐतिहासिक जीत जो मिली है। वह दिल्ली के असली बॉस जो बने हैं। वहीं, एकनाथ शिंदे सरकार को तो एक तरह से अभयदान ही मिल गया। खतरा टल गया। लेकिन एक तीसरे शख्स भी हैं जो शायद आज बहुत पछता रहे होंगे। उद्धव ठाकरे आज हाथ मल रहे होंगे कि काश! फ्लोर टेस्ट से पहले इस्तीफा नहीं दिए होते तो आज सत्ता में वापसी हो सकती थी। खास बात ये है कि सुप्रीम कोर्ट के दोनों ही फैसले सर्वसम्मति से हुए। बेंच में शामिल किसी भी जज ने डिसेंट वर्डिक्ट नहीं दिया।

### जनतंत्र की जीत : अरविंद केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट करके अपनी खुशी का इजहार किया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को 'जनतंत्र की जीत' बताते हुए कहा कि इससे दिल्ली के विकास की गति कई गुना बढ़ेगी। उन्होंने ट्वीट किया, 'दिल्ली के लोगों के साथ न्याय करने के लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट का तहे दिल से शुक्रिया। इस निर्णय से दिल्ली के विकास की गति कई गुना बढ़ेगी। जनतंत्र की जीत हुई।'

### लैंड, पुलिस और लॉ ऐंड ऑर्डर को छोड़कर सभी सेवाओं पर दिल्ली का कंट्रोल

दिल्ली में एलजी बनाम सरकार की लड़ाई अक्सर सुर्खियों में रहा करती थी। सर्विसेज पर कंट्रोल को लेकर एलजी और सीएम में खींचतान सामान्य सी बात हो चुकी थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में साफ कर दिया है कि दिल्ली में लैंड, पुलिस औ लॉ ऐंड ऑर्डर से जुड़ी सेवाओं को छोड़कर सभी सेवाओं पर दिल्ली सरकार का ही नियंत्रण होगा। इसमें इंडियन ऐडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस भी शामिल है। इस तरह अब दिल्ली सरकार को अधिकारियों के ट्रांसफर, पोस्टिंग का



भी अधिकार मिल गया है। अभी तक दिल्ली के अफसर सीधे एलजी को रिपोर्ट कर रहे थे। अरविंद केजरीवाल सरकार अक्सर ये आरोप भी लगाती थी कि कई अफसर मंत्री के बुलाने के बावजूद भी मीटिंग में नहीं जाते थे।

### लोकतंत्र और संघवाद संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा : सुप्रीम कोर्ट

सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली 5 जजों की बेंच ने एकमत से सुनाए फैसले में कहा कि चुनी हई सरकार के पास प्रशासन पर कंट्रोल होना चाहिए। बेंच में सीजेआई के अलावा जस्टिस एम आर शाह, कृष्ण मुरारी, हिमा कोहली और पीएस नरसिम्हा शामिल थे। बेंच ने 2019 में जस्टिस अशोक भूषण के सुनाए फैसले से असहमति जताई जिसमें कहा गया था कि दिल्ली सरकार के पास सेवाओं को लेकर कोई शक्तियां नहीं होंगी। खचाखच भरे कोर्टरूम में सीजेआई ने फैसला सुनाते हुए कहा कि लोकतंत्र और संघवाद संविधान के मूल ढांचे के हिस्से हैं। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा कि अगर अफसर मंत्रियों को रिपोर्ट करना बंद कर देंगे तो सामूहिक उत्तरदायित्व का सिद्धांत प्रभावित होगा। लोकतंत्र में प्रशासन का असली अधिकार चुनी हुई सरकार के पास ही होना चाहिए। दरअसल, 14 फरवरी 2019 को सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने इस मुद्दे पर बंटा हुआ फैसला सुनाया था। जस्टिस अशोक भूषण ने अपने फैसले में कहा था कि दिल्ली सरकार के पास सभी प्रशासनिक सेवाओं पर कोई अधिकार नहीं होगा। दूसरी तरफ जस्टिस ए के सिकरी ने इसके उलट फैसला दिया था। दो जजों की बेंच थी और दोनों के ही फैसले एक दूसरे के उलट थे, लिहाजा बेंच ने मामले को तत्कालीन सीजेआई के पास भेज दिया था ताकि 3 या उससे ज्यादा जजों की बेंच इस पर फैसला ले।

### बाल-बाल बची एकनाथ शिंदे सरकार

दूसरी तरफ, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे इस वजह से खुश होंगे कि उनकी सरकार बाल-बाल बच गई। सुप्रीम कोर्ट ने जब फैसला सुनाना शुरू किया तब जिस तरह से स्पीकर और तत्कालीन गवर्नर की भूमिका पर कड़ी टिप्पणियां आ रही थीं, तब लगा कि शिंदे सरकार तो गई! सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शिवसेना के चीफ व्हिप के रूप में शिंदे गुट के भरत गोगावाले की नियुक्ति 'अवैध' थी। कोर्ट ने राज्यपाल की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठाए कि उन्होंने बिना किसी पुख्ता आधार के फ्लोर टेस्ट का निर्देश दिया। पार्टी की अंदरूनी कलह में पड़ना गवर्नर का काम नहीं है। राज्यपाल को ये कैसे लगा कि तत्कालीन उद्धव ठाकरे सरकार जरूरी विधायकों का समर्थन खो चुके हैं? जैसे-जैसे सुप्रीम कोर्ट की ये टिप्पणियां आ रही होंगी, वैसे-वैसे एकनाथ शिंदे की धड़कनें बढ़ रही होंगी कि अब तो सरकार का बचना मुश्किल है। लेकिन ट्विस्ट बाकी था। सुप्रीम कोर्ट ने फ्लोर टेस्ट कराने के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छग पुलिस विभाग में 975 पदों पर होगी भर्ती, लिखित परीक्षा की तारीख घोषित

रायपुर। अगर आप पुलिस में भर्ती होकर करियर बनाने वाले इच्छुक अभ्यथियों के लिए सुनहरा मौका है। दरअसल, छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में 975 रिक्त पदों पर भर्ती होने जा रही है। पुलिस विभाग में यह भर्ती लिखित परीक्षा के माध्यम से होगी। छत्तीसगढ़ पुलिस ने सब-इंस्पेक्टर, प्लाटून कमांडर, सूबेदार की सीधी भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर दिया है। जिसमें लिखित परीक्षा की तारीख से लेकर एडमिट कार्ड की पूरी जानकारी दी गई है।




### वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकेंगे प्रवेश पत्र

पुलिस महानिदेशक कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक 17 सितंबर 2021 को विभिन्न पदों के लिए 975 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। लिखित परीक्षा रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर एवं अंबिकापुर संभागीय मुख्यालय में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र व्यवसायिक परीक्षा मंडल की वेबसाइट से 18 मई 2023 को सुबह 10 बजे से डाउनलोड किए जा सकेंगे। पुलिस मुख्यालय से जारी विज्ञापन के मुताबिक सब-इंस्पेक्टर, प्लाटून कमांडर, सूबेदार के 975 खाली पदों पर सीधी भर्ती के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन होगा। यह मुख्य परीक्षा 26, 27 और 29 मई को आयोजित होगी। छत्तीसगढ़ (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शराब घोटाले में कारोबारी पप्पू ढिल्लन रिमांड पर; गिरफ्तार होटल व्यवसायी अस्पताल में

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कथित दो हजार करोड़ के शराब घोटाले के मामले में शराब कारोबारी पप्पू ढिल्लन को कोर्ट ने चार दिन की रिमांड पर भेज दिया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने गुरुवार को भिलाई से शराब कारोबारी पप्पू ढिल्लन को गिरफ्तार किया है। टीम ने उसे लेकर रायपुर पहुंची और कोर्ट में पेश किया है। वहीं मेयर एजाज ढेबर के भाई और शराब कारोबारी अनवर ढेबर की हिरासत अवधि को कोर्ट ने बढ़ा दिया है। ईडी ने बुधवार को मनी लॉन्ड्रिंग केस में रायपुर के होटल कारोबारी नितेश पुरोहित को भी गिरफ्तार किया था।

### ईडी ने 14 दिन की मांगी थी रिमांड

जानकारी के मुताबिक, ईडी की टीम ने गुरुवार सुबह भिलाई स्थित शराब और होटल कारोबारी त्रिलोक सिंह ढिल्लन उर्फ पप्पू ढिल्लन के आवास पर छापा मारा था। उन्हें हिरासत में लेकर काफी देर तक पूछताछ की गई। इसके बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और रायपुर



लेकर पहुंची। यहां पर पप्पू ढिल्लन को विशेष कोर्ट में पेश किया गया है। ईडी ने उनकी 14 दिन की रिमांड मांगी, लेकिन कोर्ट ने चार दिन की दी है। ईडी का दावा है कि, शराब घोटाले में पप्पू ढिल्लन की भी भूमिका है और इसके सबूत मिले हैं।

### होटल कारोबारी की तबीयत बिगड़ी

दूसरी ओर ईडी की टीम ने बुधवार दोपहर को रायपुर के होटल कारोबारी नितेश पुरोहित को गिरफ्तार किया था। ईडी की ओर से अदालत को बताया गया था कि अनवर ढेबर के अवैध संचालन के बारे में पुरोहित जानते थे और आईएएस अनिल टुटेजा और एक अन्य व्यक्ति की इस पूरे मामले में मदद करते थे। फिलहाल गिरफ्तार किए जाने के बाद ही कारोबारी नितेश पुरोहित की तबीयत खराब हो गई। इसके बाद उनका उपचार चल रहा है। इस मामले में अनवर ढेबर पकड़े गए पहले व्यक्ति थे।

### अनवर की हिरासत पांच दिन बढ़ाई गई

रायपुर मेयर एजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर ढेबर की चार दिन की रिमांड बुधवार को खत्म हो गई। इसके बाद पीएमएलए कोर्ट में उनकी रिमांड अवधि को पांच दिन के लिए बढ़ा दिया है। उनके वकील राहुल त्यागी ने कहा कि कोर्ट ने जांच एजेंसी को निर्देश दिया है कि आरोपी को किसी भी तरह से परेशान न किया जाए। अदालत ने एजेंसी को यह भी निर्देश दिया है कि आरोपी को किसी तरह की यातना या उत्पीड़न दिया गया है या नहीं, यह पता लगाने के लिए पूछताछ की ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग को संरक्षित की जाए।

## इमरान रिहा, पीटीआई कार्यकर्ताओं से की शांति बनाये रखने की अपील

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान को तत्काल रिहा किये जाने का गुरुवार को आदेश दिया और अल कादिरी ट्रस्ट मामले में उनकी गिरफ्तारी को गैर-कानूनी करार दिया। अदालत ने इमरान को अपना पक्ष इस्लामाबाद हाईकोर्ट में रखने का भी आदेश दिया है।




सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल ने अदालत में शाम को पूर्व प्रधानमंत्री की अर्जी पर मामले की सुनवाई फिर शुरू करते हुए उन्हें रिहा करने का आदेश सुनाया। इमरान की ओर से अदालत में कहा गया था कि उन्हें गैर-कानूनी तरीके से गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले दिन में सुप्रीम कोर्ट की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (नैब) को निर्देश दिया था कि पीटीआई के प्रमुख को अदालत में रूबरू पेश किया जाए। इस पीठ में मुख्य न्यायाधीश के अलावा मोहम्मद अली मजहर और न्यायाधीश अतहर मिनल्लाह शामिल थे। मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान कहा, यह मामला बहुत गंभीर है और कोर्ट इस पर उपयुक्त आदेश आज ही जारी करेगा। इसके बाद इमरान को शाम पौने छह बजे के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश किया गया। कोर्ट आने पर इमरान अपना काला चश्मा पहने हुए थे। इमरान चलते हुए अदालत कक्ष में पहुंचे जबकि इससे पहले वह व्हील चेयर पर बैठे दिखते थे। अखबार डान की एक रिपोर्ट के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री को उस दरवाजे से अंदर लाया गया जिससे न्यायाधीश आते-जाते हैं।

इस दौरान अदालत की सुरक्षा के लिए पाकिस्तान रेंजर और पुलिस के दस्ते तैनात थे। वहां बम निरोधक दस्ते भी लगाये गये थे। अदालत कक्ष में इमरान के आने के समय केवल वकील और उन्हीं पत्रकारों को रहने की इजाजत थी जिन्हें वहां पहले से प्रवेश मिला हुआ था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इमरान ने पीटीआई कार्यकर्ताओं से शांति बनाये रखने और कानून हाथ में न लेने की अपील की है।

गौरतलब है कि इमरान को मंगलवार को इस्लामाबाद हाईकोर्ट परिसर से रेजर्स ने गिरफ्तार कर लिया था। इस्लामाबाद की जवाबदेही मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत ने खान को अलकादिरी ट्रस्ट मामले में आठ दिनों तक नैब की हिरासत में भेज दिया था। इमरान की गिरफ्तारी के खिलाफ पूरे देश में उनके समर्थकों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कई जगह प्रदर्शनकारी उग्र हो गये और उन्हें सरकारी इमारतों, सैन्य प्रतिष्ठानों, पेशावर में रेडियो पाकिस्तान की इमारत, पुलिस थाने और चौकियों और रेलवे लाइन आदि को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ झड़पों में आठ लोगों के मारे जाने और करीब 300 लोगों के घायल होने की खबरें हैं। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने करीब दो हजार प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है। अलकादिरी ट्रस्ट मामले में आरोप है कि इमरान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी ने इमरान सरकार के वक्त एक रियल एस्टेट कंपनी से उसकी अवैध कमाई को कानूनी जामा पहनाने के एवज में अरबों रुपये और सैकड़ों कनाल जमीन की

## टुटेजा समेत अन्य अफसरों के खिलाफ नहीं होगी सीबीआई जांच!, याचिका खारिज

बिलासपुर। अब आईएएस अनिल टुटेजा सहित अन्य अफसरों के खिलाफ सीबीआई जांच नहीं होगी। हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच के लिए दायर याचिका को खारिज कर दिया है। इस याचिका को आयकर सलाहकार और अधिवक्ता नरेशचंद्र गुप्ता की ओर से दायर किया गया था। इसमें उनकी तरफ से कहा गया, भारतीय प्रशासनिक सेवा के अफसर अनिल टुटेजा, पूर्व सीएस विवेक ढांड, सीएम की पूर्व ओएसडी सौम्या चौरसिया और पूर्व माइनिंग संचालक समीर विश्नोई के खिलाफ भ्रष्टाचार के प्रकरण दर्ज हैं। इनकम टैक्स विभाग ने विश्नोई को छोड़कर बाकी अफसरों के रेड मारी थी। बताया इस पर इनकम टैक्स विभाग ने इन अफसरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सीएस को चिट्ठी लिखी है।



### याचिकाकर्ता ने इनका किया जिक्र

याचिकाकर्ता की ओर से सुप्रीम कोर्ट के पूर्व प्रमुख अमन सिंह प्रकरण में आदेश का भी जिक्र किया और कई अन्य दलीलें देते हुए सभी अफसरों के खिलाफ प्रकरण को जांच के लिए सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया। चीफ जस्टिस रमेशचंद्र सिन्हा और जस्टिस राकेश मोहन पांडेय की बैंच में याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई की। याचिका को अनुपयुक्त मानते हुए कर खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल खरे और विवेक शर्मा ने पैरवी की। वहीं, आईएएस अनिल टुटेजा की ओर से अधिवक्ता मतीन सिद्दिकी ने पैरवी की। राज्य शासन की ओर से महाधिवक्ता सतीश वर्मा ने अपना पक्ष रखा।

### अधिवक्ता मतीन सिद्दिकी ने कहा, कुछ तथ्यों को याचिका में नहीं बताया गया

आईएएस अनिल टुटेजा के वरिष्ठ अधिवक्ता मतीन सिद्दिकी ने बताया हमने याचिका को लेकर तर्क दिया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## छग हाईकोर्ट में 15 से ग्रीष्मकालीन अवकाश

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में 15 मई से नौ जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दिनों में लोगों की सुविधा के लिए अवकाशकालीन बेंच का भी गठन किया गया है। अवकाश के दौरान अलग।अलग तिथियों में आठ अवकाशकालीन बेंच का गठन किया जाएगा। इसमें मामलों की सुनवाई होगी। अवकाश के दौरान अगर किसी को अत्यावश्यक कार्य के सिलिसिसले में हाई कोर्ट से राहत व न्याय की जरुरत है तो वे अर्जेंट हियरिंग के जरिए हाई कोर्ट में सुनवाई के लिए याचिका दायर कर सकेंगे। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के निर्देश पर बेंच का गठन किया जाएगा और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शराब घोटाले मामले में कार्रवाई पर सीएम बघेल बोले - झूठा केस बनाकर मेरा नाम जोड़ने की कोशिश कर रही ईडी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में चल रही प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एक बार फिर हमलावर हो गए हैं। उन्होंने यहां तक कह दिया कि कथित शराब घोटाले में उनका नाम जोड़ने की साजिश की जा रही है। सीएम ने कहा कि, हमने पहले ही ईडी को भाजपा का एजेंट बताया था, वह सही साबित हो रहा है। ईडी को भाजपा अपने अधीनस्थ संगठन के रूप में काम करा रही है। मूल उद्देश्य सरकार को बदनाम करना है। बिलासपुर रवाना होने से पहले सीएम बघेल मीडिया से बात कर रहे थे।

### पुलिस की तरह जांच कर रही ईडी

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ईडी और डिस्टलरों के बीच सांठगांठ का भी आरोप लगाया। कहा कि, बिना एक्साइज ड्यूटी दिए शराब बेचने के बाद भी डिस्टलरों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्हें गवाह बनाया जा रहा है। जबकि मूल रूप से अपराधी वो हैं। भाजपा उनको बचा रही है या फिर ईडी से सांठगांठ हो गई है। कहा कि, इस मामले में दूध का दूध और पानी का पानी होना चाहिए। राज्य में ईडी के अफसर पुलिस के अधिकारी की तरह मूल अपराध की विवेचना कर रहे हैं। यह संघीय ढांचे के खिलाफ है।



### एसीबी करेगी मामले की जांच

सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि, ईडी की कार्रवाई को लेकर विधि विशेषज्ञों से सलाह ले रहे हैं। विधि विशेषज्ञों से जो जानकारी मिली है, उससे पता चला है कि एक्सटॉर्शन या भ्रष्टाचार की जांच ईडी के क्षेत्राधिकार में नहीं आती है। ईडी का काम किसी अपराध से कमाई, भ्रष्टाचार की कमाई को राजसात करना और दोषियों को सजा दिलवाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, एसीबी इस मामले में जांच करेगी। विधि विशेषज्ञों से हम सलाह ले रहे हैं, जल्द इसके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जाएगी।

### भ्रष्टाचारियों पर गिरेगी हनुमान जी की गदा

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कर्नाटक चुनाव को लेकर भी भाजपा को आड़े हाथों लिया। कहा कि, भाजपा के दामन में खून के छींटे हैं, जब तक धरती लाल नहीं होती इनको चैन नहीं मिलता। कर्नाटक चुनाव पर पूरे देश की निगाहें हैं, एक तरफ खूब पैसा बांटा जा रहा है, दूसरी तरफ़ हमें जनता का खूब प्यार मिल रहा है। कहा कि, 13 तारीख को भाजपा को सबक मिल जाएगा। बजरंगबली की कृपा कांग्रेस पर ही रहेगी। हनुमान जी का (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कुमारी सैलजा ने मंत्रियों से वन टू वन में समझा चुनावी समीकरण, नहीं पहुंचे रविंद्र चौबे-उमेश पटेल

रायपुर। विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्रियों के साथ सीधा संवाद किया। स्टेट गेस्ट हाउस पहुना में सैलजा ने मंत्रियों से वन टू वन चर्चा की। इसमें राज्य सरकार के दस मंत्री पहुंचे। मंत्री रविंद्र चौबे और उमेश पटेल की सैलजा के साथ चर्चा नहीं हो पाई है। करीब तीन बजे शुरू हुई बैठक में सबसे आखिर में शाम सात बजे मंत्री टीएस सिंहदेव पहुंचे।

### सैलजा ने सरकार के कामकाज का लिया फीडबैक

सैलजा ने मीडिया से चर्चा में कहा कि मंत्रियों से चर्चा हुई है। अब तक प्रदेश पदाधिकारियों और विधायकों से चर्चा हो चुकी है। चुनाव नजदीक आता जा रहा है। हर चीज का आंकलन करना है। पार्टी हर चीज को देखेगी। इन्हीं विषयों पर मंत्रियों से चर्चा हुई। सरकार के कामकाज का फीडबैक लिया गया



और चुनाव की रणनीति पर भी चर्चा हुई। इस तरह की चर्चा आगे भी जारी रहेगी। कांग्रेस के उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो मंत्रियों से उनके क्षेत्र के साथ-साथ प्रभार वाले जिलों को लेकर चर्चा हुई है। इस दौरान राज्य सरकार के कामकाज, मंत्रियों के विभागों के संबंध में फीडबैक लिया गया। साथ ही सत्ता और संगठन के बीच बेहतर तालमेल को लेकर भी निर्देश दिए। सैलजा से चर्चा के बाद आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि सरकार के कामकाज और चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा हुई है। मंत्री शिव डहरिया ने बताया कि चर्चा के दौरान प्रदेश के विकास के लिए सरकार ने क्या किया, उसकी जानकारी दी गई। हमें कैसे काम करना है, यह प्रभारी ने बताया है। समस्याओं के निराकरण पर चर्चा हुई है।

### यह मंत्री पहुंचे सैलजा के साथ संवाद में

प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने वन मंत्री मोहम्मद अकबर, नगरीय प्रशासन मंत्री शिव कुमार डहरिया, आबकारी मंत्री कावासी लखमा, स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, महिला बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया, पीएचई मंत्री गुरु रूद्र कुमार, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव से चर्चा की।

### संगठन में सब ठीक चल रहा : सैलजा

संगठन के विस्तार के सवाल पर कुमारी सैलजा ने कहा कि संगठन में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

## पहला कॉलम...

### गुरुकुल एकेडमी में ग्रीष्मकालीन नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रारंभ




राजनांदगांव(दावा)। भरकापारा में कमल टॉकीज के पास स्थित गुरुकुल एकेडमी के द्वारा इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन निश्शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एकेडमी के संस्थापक प्रशांत गुप्ता (राजे) ने बताया कि शिविर में कोई भी अपनी योग्यता और रूचि के हिसाब से प्रशिक्षण ले सकता है। नि:शुल्क कम्प्यूटर हेतु 9301709000 से संपर्क किया जा सकता है।

### ईशान ने कक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया



राजनांदगांव(दावा)। ग्राम कोपेडीह वाणी रियल टैलेंट किड्स एकेडमी इंग्लिश मीडियम ग्राम कोपेडीह के छात्र ईशान साहू ने क्लास वन में कक्षा में सर्वोच्च स्थान अर्जित किया है। ईशान साहू पिता परसराम साहू, माता तामेश्वरी साहू है। ईशान साहू की कक्षा में सर्वोच्च स्थान अर्जित करने पर माता-पिता, शिक्षक-शिक्षिका ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया है।

### कु. मुक्ता देवांगन का सुयश



राजनांदगांव (दावा)। गायत्री विद्यापीठ के इंग्लिश मीडियम की छात्रा कु. मुक्ता देवांगन ने 12वीं के गणित विषय में 84.2% अंक लाकर शानदार सफलता अर्जित कर शाला का नाम रौशन किया। शांति नगर निवासी कु. मुक्ता देवांगन शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है। मध्यम परिवार की मुक्ता 12वीं गणित विषय में अच्छे अंक से उत्तीर्ण होने का श्रेय अपने पिता राजेश देवांगन व माता श्रीमती लक्ष्मी देवांगन सहित अपने शिक्षकों व शाला परिवार को दी है।

### आज रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प

राजनांदगांव (दावा)। वर्धमान रोपस टेड़ेसरा राजनांदगांव द्वारा 12 मई 2023 को जिला रोजगार कार्यालय तहसील परिसर राजनांदगांव में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया हैं। प्लेसमेंट के माध्यम से प्रोडक्शन इंचार्ज, सुपरवाईजर, मार्केटिंग एवं ऑफिस असिस्टेंट के पद पर भर्ती की जाएगी। प्रोडक्शन इंचार्ज पद के लिए बीई मेकैनिकल व आयु 22 से 45 वर्ष, सुपरवाईजर पद के लिए डिप्लोमा मेकैनिकल व आयु 22 से 40 वर्ष, मार्केटिंग पद के लिए एमबीए एवं ग्रेजुएट व आयु 23 से 47 वर्ष तथा ऑफिस असिस्टेंट पद के लिए ग्रेजुएट व आयु 21 से 40 वर्ष चाही गई है। भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं स्थान पर अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते है।

### बेरोजगारी भत्ता योजना अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु काउंसलिंग 15 को

राजनांदगांव (दावा)। शासन की बेरोजगारी भत्ता योजना अंतर्गत युवाओं द्वारा बेरोजगारी भत्ता पोर्टल में आवेदन के साथ कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु विभिन्न कोर्स का चयन किया गया है। जिसमें पात्र युवाओं को उनके द्वारा चयनित कोर्स अनुरूप मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिसके लिए 15 मई 2023 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक लाईवलीहुड कॉलेज सांकरा-सोमनी राजनांदगांव में काउंसलिंग का आयोजन रखा गया है। प्रशिक्षण हेतु इच्छुक हितग्राहियों को 2 पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड एवं शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित होने कहा गया है। ऐसे हितग्राही जो 10 एवं 11 मई 2023 को आयोजित काऊंसिंलिंग में उपस्थित हो चुके है, उन्हें 15 मई 2023 को आयोजित काउंसलिंग में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी।

### डिगेश्वरी सहारे का निधन



डोंगरगांव (दावा)। ग्राम आसरा निवासी नाथूराम सहारे की धर्मपत्नि श्रीमती डिगेश्वरी(बबली) सहारे 48 वर्ष का बीते 10 मई को स्वास्थ्यगत कारणों से आकस्मिक निधन हो गया. उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में परिजनों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में किया गया. वे अपने पीछे पति, एक पुत्र तथा एक पुत्री का भरापूरा परिवार छोड़ गई.

# कांग्रेसजनों ने किया भाजपा, ईडी का पुतला दहन




राजनांदगांव (दावा)। आज शहर जिला कांग्रेस कमेटी एवं जिला ग्रामीण कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय जय स्तम्भ चौक पर कांग्रेस जनों द्वारा भारतीय जनता पार्टी के तानाशाही रवैए के खिलाफ, ई डी जैसी संवैधानिक संस्थाओं का लगातार दुरुपयोग कांग्रेसजनों के विरुद्ध, उनको प्रताड़ित किए जाने, फर्जी प्रकरण दर्ज करने के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर आज शाम 4 बजे शहर व जिला कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में भाजपा व ईडी का पुतला दहन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कुलबीर छाबड़ा, पंकज बांधव, झम्मन देवांगन, राजू खान, मोती साहू, माया शर्मा, सूर्यकांत जैन, आसिफ अली, भागवत साहू, फिरोज अंसारी, मामराज अग्रवाल, हनी ग्रेवाल, अमित खण्डेलवाल, डॉ. राकेश कुमार, शरद खण्डेलवाल, मेहुल मारू, शकील रिजवी, सिद्धार्थ डोंगरे, सुरेन्द्र देवांगन, गोपीचंद गायकवाड़, गेमु कुंजाम, संजय साहू, सैय्यद अफजल, उमेश साहू, इब्राहिम खान, विष्णु सिन्हा, हितेश गोंनाडे, आर.बी. मिश्रा, पूर्णिमा नागदेवे, खिलेश बंजारे, प्रतिमा बंजारे, मनीष साहू, अफताब अहमद, रज्जू खान, प्रभात गुप्ता, राजू डागा, उमेश गेडाम, मयंक सोनी, नासिर खान,राजू जायसवाल सहित कांग्रेस उपस्थित रहे। उक्त जानकारी शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने दी।

## छत्तीसगढ़ में झुलसाने वाली गर्मी शुरू, मौसम विभाग का अलर्ट, आज से और बढ़ेगा तापमान



राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ के लोगों को अब झुलसाने वाली गर्मी के लिए तैयार हो जाएं, क्योंकि मौसम विभाग का अनुमान है कि अब तापमान और बढ़ने वाला है। इधर, उत्तर पश्चिम से आ रही शुष्क हवाओं के चलते छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी शुरू हो गई है। भले ही अधिकतम तापमान अभी भी सामान्य से कम बना हुआ है, लेकिन उमस लगातार बढ़ती जा रही है।

#### 19 मई तक ऐसा ही रहेगा मौसम

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि शुक्रवार से गर्मी और बढ़ने वाली है, अधिकतम तापमान में भी बढ़ोतरी होगी। मौसम का मिजाज 19 मई तक ऐसा ही बना रहने की संभावना है और उसके बाद मौसम का मिजाज फिर से थोड़ा बदलेगा।

#### तापमान सामान्य से नीचे, लेकिन उमस में बढ़ोतरी

बुधवार सुबह से ही रायपुर सहित प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहा। दोपहर की तेज धूप अब झुलसाने लगी है और उमस में बढ़ोतरी हो रही है। प्रदेश भर में बुधवार को सर्वाधिक अधिकतम तापमान एआरजी सक्ती का 44.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सबसे न्यूनतम तापमान पेंड्रा रोड में 21.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि चक्रवात के प्रभाव से अब उमस और बढ़ने वाली है। बस्तर क्षेत्र में हालांकि हल्की वर्षा के भी आसार है। बुधवार को भी तोकापाल-दरभा में 3 सेमी, जगदलपुर में 2 सेमी, लोहांडीगुड़ा में 1 सेमी वर्षा हुई। लगातार बढ़ रही उमस व गर्मी के कारण इन दिनों ठंडे पेय पदार्थों की बिक्री में भी बढ़ोतरी हो गई है।

## डाकलिया परिवार के शांति मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री टी. एस. सिंहदेव



राजनांदगांव (दावा)। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टी.एस. सिंहदेव आज पूर्व महापौर नरेश डाकलिया परिवार के शोकसभा/शांति मिलन कार्यक्रम में शामिल होकर शोक संतृप्त परिवार को ढ़ांढस बंधाया। ज्ञात हो कि पूर्व महापौर नरेश डाकलिया के ज्येष्ठ भ्राता शिखरचंद जी डाकलिया का स्वर्गवास विगत पांच मई को हो गया था। आज शांति मिलन कार्यक्रम में विधायक श्रीमती छन्नी साहू, भवानी बहादुर सिंह, चंदू साहू, सुनीता फड़नवीस, कंवलजीत सिंह पिंटु, कुलबीर छाबड़ा, सूर्यकांत जैन, जितेन्द्र शर्मा सहित जैन समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## आरटीओ में नई व्यवस्था : 'लाइसेंस-आरसी बनते ही व्हाट्सअप पर मिल जाएगी सूचना'



**'तुंहर सरकार तुंहर दुआर' में एस एम एस के साथ-साथ व्हाट्सअप पर भी मिलेगी आवेदन पर प्रगति की जानकारी**

रायपुर (दावा)। परिवहन सेवाओं को पारदर्शी बनाने आरटीओ ने नई व्यवस्था बनाई है। अब आरसी और लाइसेंस प्रिंट होने की जानकारी वाहन मालिकों को सीधे उनके व्हाट्सएप पर भी भेज दी जाएगी। नई व्यवस्था के तहत घर बैठे ही आरसी- लाइसेंस नंबर, आवेदक के नाम के साथ ट्रैकिंग नंबर और आरसी- लाइसेंस प्रिंट कब हुआ और उसे कब भेजा गया यह सभी जानकारी वाट्सअप मैसेज से मिल जाएगी। जैसा कि विदित है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप परिवहन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में प्रदेश में परिवहन विभाग द्वारा 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' योजना में यह नयी सुविधा जोड़ दी गई है। जून 2021 से अब तक 19 लाख 28 हजार 916 स्मार्ट कार्ड आधारित पंजीयन प्रमाण-पत्र और ड्राइविंग लायसेंस आवेदकों के घर भेजे जा चुके हैं। इनमें 13 लाख 14 हजार 768 स्मार्ट कार्ड आधारित पंजीयन प्रमाण-पत्र तथा 6 लाख 14 हजार 148 ड्राइविंग लायसेंस शामिल हैं।

परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर द्वारा 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' के सुव्यवस्थित संचालन के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। परिवहन विभाग द्वारा संचालित 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' योजना लोगों की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। इसमें लोगों को परिवहन संबंधी 22 सेवाएं उनके घर के द्वार पर पहुंचाकर दी जा रही है। जन केन्द्रित इस सुविधा के अंतर्गत लोगों को अब बार-बार परिवहन विभाग का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। इससे आवेदकों के धन तथा समय दोनों की ही बचत हो रही है।

परिवहन आयुक्त दीपांशु काबरा ने बताया कि अब एसएमएस के साथ-साथ वाट्सअप में भी मैसेज भेजना शुरू किया है। पहले एसएमएस के जरिए संक्षिप्त में जानकारी होती थी, जिसमें केवल आरसी- लाइसेंस नंबर के साथ ट्रैकिंग नंबर की जानकारी होती थी। नाम का उल्लेख भी नहीं होता था। अब ज्यादातर लोग वाट्सअप का उपयोग करने लगें हैं, ऐसे में आरसी प्रिंट के दौरान ही आरटीओ आवेदक के नंबर पर अब वाट्सअप करेगा। आवेदक चाहे तो घर बैठे m parivahan वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन आरसी- लाइसेंस डाउनलोड भी कर सकता है।

#### समय पर नहीं पहुंचा तो हेल्पलाइन पर सीधे शिकायत

आरसी प्रिंट होने के बाद बाद स्पीड पोस्ट के जरिए सप्ताहभर के भीतर अगर आरसी नहीं मिला तो परिवहन विभाग विभाग द्वारा जारिए किए हेल्पलाइन नंबर 7580808030 पर कॉल कर शिकायत कर सकते हैं। टोल फ्री नंबर पर अवकाश दिवस को छोड़कर सुबह 10 से 5:30 तक आरसी-लाइसेंस के पहुंचने संबंधित सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

> परिवहन सेवा को सुलभ बनाने अब एसएमएस के साथ वाट्सअप में भी वाहन मालिकों को आरसी- लाइसेंस की जुड़ी सभी जानकारी भेजी जाएगी। टोल फ्री नंबर के जरिए समाधान प्राप्त कर सकते हैं।
> **- एस प्रकाश, सचिव परिवहन**

## शांतिनगर, शिव नगर, ढाबा रोड के 7 किराना दुकानों पर 2 हजार रूपये जुर्माना, 3 पाव प्रतिबंधित प्लास्टिक जप्त






राजनांदगांव(दावा)। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाये जाने कार्यवाही पर नगर निगम सख्ती बरत रही है और प्रतिदिन अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग पर कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में कल प्रतिबंधित प्लास्टिक का विक्रय करने एवं उपयोग करने वाले शांति नगर क्षेत्र के 7 किराना दुकानदारों पर कार्यवाही करते हुये 2 हजार रूपये जुर्माना वसूल कर 3 पाव पालीथिन जप्त करने की कार्यवाही किये। उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्रत्येक व्यक्ति व पशु-पक्षियों को प्लास्टिक के नुकसान से बचाने शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध करने कडे कदम उठा रही है। शासन के मंशानुरूप नगर निगम द्वारा भी प्रतिदिन अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने प्लास्टिक से होने वाले नुकसान पर कहा कि आज प्लास्टिक पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने के साथ साथ मानव जीवन सहित जीव जन्तु के स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव डाल रहा है, नुकसान से बचाने शासन द्वारा इसके विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। शासन मंशानुरूप नगर निगम का स्वास्थ्य अमला शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने प्रतिदिन समझाईस दे रहे है, समझाईस उपरांत विक्रय व उपयोग करते पाये जाने पर कडी कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही की कडी में कल शांति नगर क्षेत्र के 7 किराना दुकानदारों में ढाबा रोड के अतुल किराना व रवि प्रोविजन स्टार्स से 5-5 सौ रूपये, इसी प्रकार शिव नगर ढाबा रोड के मनहरण किराना स्टोर्स, अंश किराना स्टोर्स, सिन्हा किराना स्टोर्स, पटेल किराना स्टोर्स व रेहान किराना स्टोर्स से 2-2 सौ रूपये इस प्रकार कुल 2 हजार रूपये अर्थदण्ड वसूला गया एवं 3 पाव प्रतिबंधित प्लास्टिक जप्त की गयी। उक्त अभियान प्रतिदिन जारी रहेगी। आयुक्त श्री गुप्ता ने सभी व्यापारियों से अपील करते हुये कहा कि अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई रखे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय व उपयोग न करे। साथ ही उन्होंने नागरिकों से भी अपील करते हुये कहा है कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करते हुये जब भी घर से निकले कपडे के थैला लेकर निकले तथा लोगो को भी इसके लिये समझाईस देवे, ताकि प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव से बचा जा सके।

## मुख्यमंत्री मितान योजनांतर्गत 0 से 5 वर्ष तक के शिशुओं का आधार कार्ड बनाने आंगनबाडी केन्द्रों में 12 मई से शिविर

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार की मितान योजना के तहत जन्म, मृत्यु, विवाह, आय जाति, निवास प्रमाण पत्र एवं दुकान स्थापना पंजीयन प्रमाण पत्र मितान के माध्यम से घर बैठे बनाया जा रहा है, योजना के तहत घर बैठे बच्चों का आधार कार्ड भी बनवा रही है। इसके लिये 14545 पर फोन करने पर मितान की टीम घर आकर 0 से 5 वर्ष तक वर्ष तक के बच्चों का आधार कार्ड बना रही है।

नगर निगम राजनांदगांव सीमाक्षेत्र में भी उपरोक्त सुविधाओं के अलावा मितान के माध्यम से बच्चों के आधार कार्ड बनाये जा रहे है। वार्डो में शिविर के माध्यम से भी आधार कार्ड बनाये गये है और अब इस सुविधा में विस्तार करते हुये वार्डो के आंगनबाडी केन्द्रों में 0 से 5 वर्ष तक के शिशुओं का आधार कार्ड बनाया जा रहा है। इसी कडी में 12 मई 2023 आधार कार्ड बनाने शेष वार्डो के आंगनबाडी केन्द्रों में शिविर लगाया जा रहा है।

निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि मितान के माध्यम से बच्चों का आधार कार्ड बनाने की योजना 1 नवम्बर 2022 से शुरू हुई है। एक फोन कॉल करने पर मितान की टीम घर जाकर 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार कार्ड बनाने का कार्य कर रही है। आधार कार्ड जनरेट होने के बाद डाक के माध्यम से आधार कार्ड हितग्राही के पास उसके घर पहुँचेगा। इस योजना का लाभ उठाकर लोग घर बैठे बच्चों का आधार कार्ड बना रहे है। उन्होंने बताया कि निगम क्षेत्र के अंतर्गत वार्डो में भी बच्चों का आधार कार्ड बनाने शिविर का आयोजन किया गया और अब दिनांक 12 मई 2023 से वार्डो के आंगनबाडी केन्द्रों में शिविर लगाकर 0 से 5 वर्ष तक के शिशुओं का आधार कार्ड बनाया जायेगा। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि गजानंद माधव मुक्तिबोध वार्ड नं. 9 के आंगनबाडी केन्द्रों में दिनांक 12 मई को शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 15 मई को शंकरपुर वार्ड नं. 10 के आंगनबाडी केन्द्रो में, 17 मई को राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं. 12 के, 19 मई को डॉ. आम्बेडकर वार्ड नं. 13 के, 22 मई को गौरी नगर वार्ड नं. 14 के, 24 मई को बलरामदास वार्ड नं. 15 के, 27 मई को ठा.प्यारेलाल सिंह वार्ड नं. 17 के एवं 29 मई को लालबाहदुर शास्त्री वार्ड नं. 19 के आंगनबाडी केन्द्रों में शिविर लगाकर मितान के माध्यम से 0 से 5 वर्ष के शिशुओं का आधार कार्ड बनाया जायेगा। शेष वार्डो के आंगनबाडी केन्द्रों में भी शिविर लगाया जायेगा। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुये कहा है कि उपरोक्त वार्डो के आंगनबाडी केन्द्रों में जाकर अपने बच्चों का आधार कार्ड बनावाकर योजना का लाभ लेवे।

SILVER SCREEN Multiplex
12th May 2023




The Kerala Story -12:30pm, 03:30pm, 06:30pm & 09:30pm
Le Suru Hoge Maya Ke Kahani (C.G)12:00pm, 03:00 & 09:00
IB 71 - Hindi (2D) 11:30am, 04:30pm, 06:00pm, and 09:30pm
Chatrapati - Hindi (2D) 02:00pm and 07:00pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
भीड़भरा शानदान दूसरा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक गीत एवं संगीत से भरपूर
निर्देशक सतीश जैन का खूबसूरत फिल्म
ले सुरु होगे मया के कहानी
सुपरहीट छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार : अमलेश नागेश, एल्सा घोष, अंजली चौहान, उपासना वैष्णव, प्रवीण चन्द्राकर आदि।




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

**NAME CHANGE**

I Burhanuddin jameel want to change my son Husain jameel's name currently residing at ward No.wx, Gudakhu Line, Rajnandgaon. I want to change his name from Husain S/o. Burhanuddin Jameel (old name) to Husain Jameel S/o. Burhanuddin Jameel (New name). In future all should know him by his new name.

**Burhanuddin Jameel**
**Ward No. wx**
**Rajnandgaon**
**(C.G) 491441**

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-4-8
899-6 670-3
राजधानी
1-5-0
158-4 114-6

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### कार्यालय कलेक्टर (पशुधन विकास विभाग) जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमांक/1106/जी.ज.क.बो./2023-24 कबीरधाम, दिनांक 03.05.2023

**-: आदेश :-**

जिला कबीरधाम अंतर्गत भीषण गर्मी की स्थिति को देखते हुए प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच 37°C (डिग्री सेल्सियस) से अधिक तापमान निरंतर बना रहता है। इस दौरान भारवाही पशुओं पर सामग्री रखकर या सवारी हेतु उपयोग करने से अथवा तांगा/बैलगाड़ी/भैंसागाड़ी/ऊँटगाड़ी/खच्चर/टट्टूगाड़ी/गधे पर वजन ढोने के उपयोग करने से पशु अधिक तापमान से बीमार हो सकते हैं अथवा लू के कारण उनकी मृत्यु भी हो सकती है।

पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण 'परिवहन एवं कृषिक पशुओं पर क्रूरता निवारण' नियम 1965 के नियम 6(3) के अनुसार जिला कबीरधाम के सीमा अंतर्गत दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच ऐसे पशुओं का उपयोग दिनांक 30.06.2023 तक प्रतिबंधित किया जाता है।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

जन्मेजय महोबे
कलेक्टर
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

जी-01114/2

### कार्यालय कलेक्टर, राजनांदगांव (आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग)

दूरभाष/फैक्स नं. 07744-225158, ई-मेल- actd.rajnandgaon@nic.in

क्रमांक/420/आजाक/EMRS/2023-24 **// विज्ञापन //** राजनांदगांव, दिनांकः 08/05/2023

**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेन्ड्री राजनांदगांव में अतिथि शिक्षकों (Guest Teacher) की व्यवस्था हेतु सामाचार पत्रो में विज्ञापन सूचना का प्रारूप**

भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा प्रदेश में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के संचालन हेतु गठित छ.ग. राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति रायपुर छ.ग. के अंतर्गत जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 हेतु अस्थाई रूप से निश्चित मानदेय पर अध्यापन कार्य हेतु अतिथि शिक्षकों (फ्रेश अभ्यर्थी/सेवानिवृत्त शिक्षकों) की व्यवस्था हेतु पात्र अभ्यर्थियों से स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

**पदो का विवरण निम्नानुसार हैं :-**

| क. | जिला | वि.खंड | विद्यालय का नाम | पी.जी.टी. (हिन्दी माध्यम) सी.बी.एस.ई. | | | | | | | | टी.जी.टी. (हिन्दी माध्यम) सी.बी.एस.ई. | | | टी.जी.टी. (अंग्रेजी माध्यम) सी.बी.एस.ई. | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | राजनीति विज्ञान | भूगोल | अर्थशास्त्र | समाज शास्त्र | हिन्दी | गणित | संस्कृत | विज्ञान | हिन्दी | अंग्रेजी | कला शिक्षक /क्राफ्ट शिक्षक | गणित | संस्कृत | विज्ञान | सा.विज्ञान |
| 1 | राजनांदगांव | राजनांदगांव | एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेन्ड्री राजनांदगांव | | | | | | | | | | | | | | | |
| पदो की संख्या | | | | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |

**आवेदन संबंधी महत्वपूर्ण तिथि :-**

| क. | विवरण | अंतिम तिथि | आवेदन करने का पता |
|---|---|---|---|
| 1 | आवेदन करने की अंतिम तिथि | 08.06.2023 | कार्यालय, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास राजनांदगांव जिला– राजनांदगांव (छ.ग.) पिन कोड 491441 |

विज्ञापन का विस्तृत विवरण जिले के वेबसाईट https://rajnandgaon.nic.in/ पर अवलोकन किया जा सकता है। (कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

सहायक आयुक्त,
वास्ते- कलेक्टर, राजनांदगांव

जी - 01081/2

# बारिश के पूर्व बड़े नाला व नालियों की सफाई प्रारंभ

राजनांदगांव (दावा)। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बारिश के पूर्व शहर के सभी बड़े नालो व नालियों की सफाई कराने के साथ साथ साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा को दिये। ताकि वर्षा ऋतु में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करने पड़े।



महापौर एवं आयुक्त के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य अमला द्वारा अप्रैल माह से ही शहर के बड़े नाले एवं नालियों की सफाई करायी जा रही है। प्रथम चरण में जोन क्रमांक 1 के मोतीपुर चंदन नगर,मोतीपुर आजाद चौक, बरबट्टी कुॅआ के पास, गौरनी नगर क्रासिंग, बल्देवबाग एबीस आफिस के पास, शंकरपुर रेल्वे तालाब के पास, शासकीय मुद्रणालय के पास एवं चिखली थाना के पास, जी.ई.रोड महावीर चौक से सुभाष चौक तक बड़े नाला व नालियों की सफाई करायी गयी है। इसी प्रकार जोन क्रमांक 2 के युनाईटेड हास्पिटल के पास एवं उसके पीछे, लखोली नाका रोड, मठपारा रोड से कब्रीस्तान तक, लोहार पारा से मुरारजी पुलिया, शिवनाथ कालोनी, पुराना गंज चौक, हाउसिंग बोर्ड बिल्डींग, मिरानी पुलिया, कन्हारपुरी कर्मा भवन रोड एवं शीतला मंदिर के पास का नाला, पुराना अस्पताल चौक जमात पारा, गांधी चौक दीवान पारा पुलिया के नाला नालियों की सफाई करायी गयी। नाला सफाई की कडी में जोन क्रमांक 3 के इंदिरा नगर हास्पिटल, मेन रोड लखोली नाला, नंदई चौक, डबरीपारा, राजीव नगर, आर.के. नगर मेन रोड, मोहारा फ्लाई ओवर के पास एवं सिंगदई चौक के बड़े नाला नालियों की सफाई प्रथम चरण में जे.सी.बी. तथा गैंग के माध्यम से करायी गयी है।

महापौर श्रीमती देशमुख एवं आयुक्त श्री गुप्ता ने प्र.स्वास्थ्य अधिकारी से कहा कि जिन क्षेत्रों की नाला सफाई नहीं हुयी है वहा अविलंब सफाई प्रारंभ किया जाये। इसके अलावा अन्य नाले की सफाई जहॉं जे.सी.बी. से कराना संभव नहीं है वहा गैंग बनाकर सफाई कराया जाये। उन्होंने कहा कि जल शुद्धिकरण, सडे गले फल सब्जियों का विनिष्टिकरण, फागिंग स्प्रे आदि कार्य ग्रीष्म ऋतु में बेहतर रूप से संपादित किया जाये।

उन्होंने ग्रीष्म काल में होने वाले बीमारियों के रोकथाम व विभिन्न सफाई अभियान सम्पादित कराये जाने के साथ साथ जल शुद्धिकरण अंतर्गत निगम सीमान्तर्गत तालाबों में डल्ला चूना व ब्लीचिंग पाउडर डालकर जलशुद्धिकरण कराने निर्देशित किये। इसके अलावा वार्डो में प्रतिदिन साफ सफाई कर कचरा उठाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को देखते हुये शहर में सफाई व्यवस्था दुरूस्त किया जावे। सभी सफाई कर्मी निर्धारित समय तक सफाई करना सुनिश्चित करेंगे, लंबे समय से अनुपस्थित कर्मियों के विरूद्ध कार्यवाही करे। स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता लाकर जनमानस को भी स्वच्छता से जोड़े।

# तहसीलदार ने की तिलई स्कूल के समर कैंप की सराहना

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर महोदय की मंशा के अनुरूप बच्चों के मानसिक, बौद्धिक विकास के लिए स्कूलों में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य मेंआज ग्राम तिलई के प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के समर कैंप का तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने जायजा लिया। कैम्प में प्राइमरी एवम पूर्व माध्यमिक शाला के लगभग 25 बच्चे ड्राइंग, पेंटिंग, खेल, आदि विधाओं में हिस्सा ले रहे थे। उनके द्वारा बनाई गई पेंटिंग का भी अवलोकन किया।



33 जिलों का नाम सुनाने वाले छात्र को गिफ्ट किया पेन

तहसीलदार श्री गुप्ता ने कैंप में आए हुए बच्चों के लिए शतरंज, सोप मेकिंग किट, पेंटिंग बुक्स, कलर बॉक्स सहित अन्य सामग्री शाला को उपलब्ध कराया। शाला प्रबंधन उक्त सामग्रियों को बैंक के रूप में संग्रहित कर बच्चों को समर कैंप में उपलब्ध कराएंगे।

इस दौरान श्री गुप्ता ने बच्चों को शतरंज सहित अन्य खेल और चित्रकारी करना भी सिखाया। उनके साथ बैठकर शतरंज भी खेला। प्राथमिक शाला के छात्र रुपेश सिन्हा द्वारा छत्तीसगढ़ के 33 जिलों के नाम सुनाने पर प्रसन्न होकर श्री गुप्ता ने अपना पेन छात्र को गिफ्ट किया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कैंप में आए सभी बच्चों एवं स्टाफ ने श्री गुप्ता के सौजन्य आलू-पोहा स्वल्पाहार ग्रहण किया। इस समर कैंप आयोजन से बच्चे काफी खुश दिखे। उन्होंने कलेक्टर सहित शिक्षा विभाग के आयोजक अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है। समर कैंप में प्रधान पाठक मुन्ना यादव, शिक्षिका श्रीमती नीता कुंजाम, शिक्षक आलोक कुमार पंसारी उपस्थित थे।

# नव वधुओं का मतदान केन्द्र में सम्मान सभी पोलिंग बूथ में हो रहे हैं आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। समस्त निर्वाचनों में महिला मतदाताओं की शत् प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह के कुशल मार्गनिर्देशन में स्वीप कार्य योजना के अंतर्गत मतदान केंद्रों पर नवविवाहिता वधू सम्मान कार्यक्रम समारोह आयोजन 09 से 12 मई 2023 के मध्य बी.एल.ओ. की सुविधानुसार समस्त मतदान केन्द्रों में किया जा रहा है। जिले के मतदान केंद्र क्षेत्र में विगत 3 वर्षों में विवाहोपरांत आने वाली नवविवाहिताओं का मतदान केंद्र पर सम्मान कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।




उपरोक्त कार्यक्रम आयोजन के प्रमुख उद्देश्य मतदाता सूची में लिंगानुपात को कम करना 18 प्लस प्रत्येक महिला का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना, निर्वाचन प्रक्रिया में महिलाओं की शत-प्रतिशत् भागीदारी सुनिश्चित करने, महिलाओं को भयमुक्त होकर मतदान हेतु प्रेरित करना, विवाह उपरांत निवास स्थान पर मतदाता सूची में पंजीयन कराना, मतदाता सूची में ऑनलाइन ऑफलाइन माध्यम से पंजीयन की जानकारी कार्यक्रमों में दी जा रही हैं। यह सभी कार्यक्रम 9 मई से बूथ लेवल ऑफिसर की उपस्थिति एवं निर्देशन में मतदान केंद्रों में समय सुविधा अनुसार संपादित हो रहे हैं। बीएलओ क्षेत्र के बहुओं को मतदान केंद्र पर आने का निमंत्रण स्वयं जाकर दे रहे हैं व उनका सम्मान कर रहे हैं। कार्यक्रम में मतदान केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों को आमंत्रित किया जा रहा है, इस दौरान यदि नवविवाहिताओं का नवीन निवास स्थान क्षेत्र के मतदाता सूची में पंजीयन नहीं हुआ है तो उनके पंजीयन के संबंध में मौके पर ही फार्म 6 भराया जाकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है ऐसे नवविवाहिता जो कि कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सकी उनके घर जाकर उनके पंजीयन की आवश्यक व्यवस्था की गई है समस्त नवविवाहिताओं के समक्ष वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से पंजीयन की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया जा रहा है। जिले में कार्यक्रम सभी मतदान केंद्रों में संचालित हो रहे है।

# निगम कर्मियों को 2 माह से वेतन नहीं... सहकारी समिति कर्मियों को भी वेतन के लाले

**राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम कर्मियों को पिछले दो माह से वेतन नहीं मिलने से उनकी परेशानी बढ़ी हुई। बना दे कि इन दिनों शादी-ब्याह का मौसम बना हुआ है। ऐसे समय में निगम कर्मचारियों का हाथ तंग होना उन्हें परेशानी में डाल रहा है।**

वैसे कहा तो यह तक जाता है कि प्रत्येक माह के 7 तारीख तक कर्मचारियों के हाथ में वेतन पहुंच जाना चाहिए। इस बात की पैरवी गत दिनों शहर आए नगरी निकाय मंत्री ने कही थी किन्तु ऐसा होता नहीं है। तीन-तीन, चार-चार महिने तक कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पाता। फिलहाल दो माह के वेतन से वंचित नगर निगम कर्मचारियों को तंगहाली में दिन गुजारना पड़ रहा है। ठीक इसी तरह के हालात सहकारी समिति कर्मियों की भी है। उन्हें भी कई माह से वेतन नहीं मिला है जिसके चलते उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## एक मई से पड़ताल में बैठे सहकारी समिति कर्मचारी

### 12 माह से नहीं मिला वेतन

बता दे कि जिले के सहकारी समितियों के प्रबंधक सहित कर्मचारियों को कई माह से वेतन नहीं मिला है जिससे उनकी माली हालत पतली हो गई है। कोड़ीकसा सहकारी समिति के कर्मचारियों को 12 माह से वेतन नहीं मिला है। इससे वे काम बंद कर हड़ताल पर उतर गये है।

ध्यान रहे कि जिले के चार ब्लाकों में लगभग 80 सहकारी समितियों का संचालन हो रहा है। वे सालभर धान खरीदी की तैयारी करने के अलावा रबी व खरीफ दोनों सीजन में खाद-बीज वितरण से लेकर परिवहन में पूरी जिम्मेदारी से कार्य करते है। इसके अलावा वे फसल बीमा, राशन दुकान, बचत बैंक केसीसी का कार्य भी सम्पन्न कराते है। इसके बाद भी उन्हें नियमित रूप से वेतन नहीं मिलता है। अधिकांश समितियों में कर्मचारियों को सात-आठ माह से वेतन प्रदान नहीं किया है। धान कमीशन के रूप में राशि भी उन्हें साल भर देरी से मिलती है। इसके चलते उनकी आर्थिक स्थिति काफी खराब हो रही है। घर-परिवार की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना भी उन्हें मुश्किल हो रहा है। इससे तंग आकर सोसायटी प्रांगण में 1 मई से हड़ताल शुरू कर दी है। कर्मचारियों के हड़ताल के कारण किसानों को खरीफ सीजन के लिए खाद-बीज मिलने से उनमें आक्रोश देखा जा रहा है। इसके बाद भी समिति प्रशासन, कर्मचारियों को वेतन देने सम्बंधी कोई पहल नहीं कर रहा। बहरहाल एक तरफ नगर निगम दूसरी ओर सहकारी समिति के कर्मचारियों को नियत समय पर तनख्वाह की प्राप्ति नहीं होने से किस कदर उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसे अंदाजा लगाया जा सकता है।

# रॉयल किड्स में सी.जी. बोर्ड के परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रॉयल किड्स कान्वेन्ट सी.जी. बोर्ड में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम आज 10 मई 2023 को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित किए गए। बच्चों ने उत्कृष्ट परीक्षाफल प्राप्त किया। इसमें संस्था के सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों का भी पूरा-पूरा सहयोग रहा जिससे बच्चे इतना अच्छा परीक्षा परिणाम ला सके। बच्चों के सर्वोत्तम परीक्षा परिणाम लाने में शाला के प्रशासक श्री संजय बहादुर सिह, प्राचार्या डॉ. रश्मि साव, उपप्राचार्या श्रीमती सुषमा शुक्ला एवं बरसर आई.के. वैष्णव सर ने सहयोग प्रदान किया। उच्चतम अंक लाने वाले विद्यार्थी इस प्रकार हैं - कक्षा दसवीं से प्रथम स्थान पर निहारिका चंद्रवंशी 90 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर दिव्यांश साह 82.5 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर सविता नायक रही।




कक्षा बारहवीं (विज्ञान संकाय) से प्रथम स्थान पर सुप्रिया भूर्या, द्वितीय स्थान पर लोकेश्वरी साहू रही। कक्षा बारहवीं (गणित संकाय) से प्रथम स्थान पर कुशाग्र श्रीवास्तव, द्वितीय स्थान पर ओमकार दीक्षित रहे। कक्षा बारहवीं (वाणिज्य संकाय) से प्रथम स्थान पर संस्कृति श्रीवास्तव द्वितीय स्थान पर शर्मी हनफी रही।

संस्था की अध्यक्षा श्रीमती डॉ. सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, प्राचार्य डॉ. रश्मि साव (सीजी बोर्ड), प्रभारी प्राचार्य गोपाल साहू (सीआईएससीई बोर्ड) बरसर आई.के. वैष्णव, प्राचार्य सुश्री सीमा डोल्हे (सीबीएसई बोर्ड), प्राचार्य डॉ. श्रीमती अनुराधा शुक्ला (रॉयल कालेज), उप-प्राचार्य श्रीमती ममता मिश्रा (सीआईएससीई बोर्ड), उप-प्राचार्य श्रीमती सुषमा शुक्ला (सीजी बोर्ड), एच.एम. सुश्री सरिता सिंह एवं एक्टिविटी इंचार्ज श्रीमती अपर्णा वर्मा व सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी। शाला में नए सत्र 2023-24 के लिए एडमिशन विशेष छूट के साथ प्रारंभ हो चुके हैं। पालकगण एडमिशन की अधिक जानकारी के लिए शाला कार्यालय में संपर्क करें।

# आईटीबीपी कार्यालय में मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित



राजनांदगांव (दावा)। बलदेव बाग स्थित आईटीबीपी कार्यालय में विधि विधान के साथ मां दुर्गा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

आईटीबीपी के कमांडिंग ऑफिसर दिनेश कुमार सिंह प्रमुख सेवादार की पहल पर मां दुर्गा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। आचार्य ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन कार्यक्रम संपन्न कराया। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से आईटीबीपी ऑफिसर डीसी. जीत जैम्स सर, एसी. अनिल कुमार व स्पेक्टर कमल सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# पॉक्सो एक्ट के मामले में नाबालिक के दुष्कर्मी को बीस वर्ष का सश्रम कारावास की सजा

**राजनांदगांव (दावा)। वर्ष 2021 में थाना मोहल्ला क्षेत्रान्तर्गत निवासी नाबालिक के पिता के द्वारा थाना मोहल्ला में अपनी पुत्री को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की शिकायत की गई थी, जिस पर थाना मोहल्ला द्वारा अपराध कायम कर मामला जांच में लिया गया था।**

दौरान जाँच के पाया गया कि, थाना मानपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम घोटिया निवासी आरोपी रवि तारम पिता लखनलाल, आयु 20 वर्ष द्वारा नाबालिक का रास्ता रोक कर उसे अपने साथ ले जाकर अलग-अलग स्थानों में रखकर जबरदस्ती दुष्कर्म करता रहा। आरोपी रवि तारम को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया था तथा संपूर्ण विवेचना उपरांत भारतीय दण्ड विधान की धारा 363, 366, 341, 376(2)(ढ) भादंवि तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट), 2012 की धारा 4, 6 के तहत चालान विचारण हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था।

न्यायालय माननीय अपर सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रेक स्पेशल कोर्ट (पाक्सो) राजनाँदगाँव पीठासीन न्यायाधीश अविनाश तिवारी द्वारा विचारण उपरान्त मामले में फैसला कर जुर्म साबित पाये जाने पर अभियुक्त रवि तारम को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 341 के तहत सौ रुपये का जुर्माना, न पटाने पर 10 दिन का साधारण कारावास अतिरिक्त, भारतीय दण्ड संहिता की धारा 363 के तहत तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं पाँच सौ रुपये का जुर्माना, न पटाने पर एक माह का सश्रम कारावास अतिरिक्त, भारतीय दण्ड संहिता की धारा 366 के तहत पाँच वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपये का जुर्माना, न पटाने पर दो माह का सश्रम कारावास अतिरिक्त तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) की धारा 06 के तहत 20 वर्ष का सश्रम करावास एवं बीस हजार रुपये का जुर्माना, न पटाने पर एक वर्ष का सश्रम कारावास अतिरिक्त सजा से दण्डित किये जाने का दण्डादेश पारित किया गया। मामले में छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) राजनांदगांव परवेज अख्तर ने पैरवी की।

# अजीज़ पब्लिक स्कूल के ओरिएंटेशन कार्यक्रम का एबीस ग्रीन में हुआ आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। अजीज पब्लिक स्कूल के टीचर ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन एबीस ग्रीन में किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की विभिन्न ब्रांचों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य नये सत्र से पूर्व प्राचार्य व अध्यापकों में आपसी संवाद करना था। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय द्वारा संचालित नियमावली, विद्यालय के संस्थापक बहादुर अली जी के शिक्षाको लेकर उनके लक्ष्य व अभिरुचि से सभी कार्यकर्ताओं को अवगत कराना था। विद्यालय में सभी कार्य सुचारू रूप से चल सके, इसलिए विद्यालय में कोर टीम का गठन किया गया। इस कोर टीम में सात सदस्य रहेंगे। जिसमें विद्यालय की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर तनाज अजीज, श्रीमती सीमा वीरकर, शबनम अलबी, इंदामरा शाला के प्रधानाचार्य सचिनपाल सिंह ठाकुर, श्रीमती श्वेता उपाध्याय, शिवम यादव, हिमांशु तिवारी उपस्थित रहें।

विद्यालय द्वारा गठित कोर टीम द्वारा शाला विकास कार्यों में शिक्षकों की भूमिका, कर्त्तव्य, अधिकार एवं सहयोग को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यालय में छात्रों की नामांकन प्रक्रिया, अभिभावकों और छात्रों के दायित्व के बारे में भी विस्तार से बताया गया। शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए शिक्षकों के लिए शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विषयों जैसे-शिक्षकों की वेशभूषा, पढ़ाने के तरीके, नई तकनीकी को अपना ने पर चर्चा की गई।

# दिल्ली जंतर मंतर में बैठी महिला पहलवानों के समर्थन में कैंडल मार्च

राजनांदगांव (दावा)। शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा के नेतृत्व में 9 मई को दिल्ली जंतर मंतर में बैठी महिला पहलवानों के समर्थन में जयस्तंभ चौक से मानव मंदिर चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया।




महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा जी ने कहा है मोदी सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं की बात करते हैं। विगत 23 अप्रैल से धरने पर बैठी हमारी बेटियां न्याय की गुहार लगा रही है और मोदी जी के कान में जूं भी नहीं रेंग रही है। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद भाजपा के भ्रष्टाचारी सांसद बृजभूषण पर एफआईआर तो कर दी गई परंतु आज तक ना ही कोई कार्यवाही की गई और ना ही उन्हें गिरफ्तार किया गया। उन्हें कुश्ती बोर्ड के अध्यक्ष पद से इस्तीफा भी नहीं मांगा गया। देश की बेटियां जो देश के लिए पदक लाने के लिए संघर्ष करती है, वही बेटियां देश को मान दिलाती है आज अपने सम्मान के लिए धरने पर बैठी है और मोदी जी की नाफरमानी को देख रही है उनके साथ हुए यौन शोषण के खिलाफ अत्याचारी सांसद बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग और पहलवान बेटियों को न्याय दिलाने के लिए उनके समर्थन में माया शर्मा के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया। जिसमें महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, खादी आयोग के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल, धनेश पाटिला, शहर कांग्रेस से ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, आसिफ अली, युवा कांग्रेसी प्रदेश महामंत्री मानव देशमुख, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष प्रतिमा बंजारे, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष रीना पटेल, पार्षदगण दुलारी बाई साहू, सुनीता फडणवीस, पूर्णिमा नागदेवे, महिला पदाधिकारी मीडिया प्रभारी निखत परवीन, विद्या तिरपुड़े, दुर्गा देवांगन, ललिता साहू, उत्तरा सिन्हा, सोमेश्वरी सिन्हा, दुर्गा राजपूत, दीप्ति बंजारे, सौम्य शर्मा, अभिमन्यु तथा महिला कार्यकर्ता शामिल हुई।



# खण्डेलवाल युवा कल्याण संगठन राजनांदगांव के सदस्यों ने रेल्वे स्टेशन में यात्रियों को पिलाया शीतल जल

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव में गौ सेवा रथ बाल रत्न मंच सेवा समिति एवम गायत्री परिवार के द्वारा राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में आने वाली यात्री ट्रेनों के जनरल कोच के यात्रियों को निःशुल्क शीतल जल उनके बोतल में भरकर देने की सुविधा प्रारंभ की गई है।

इस वर्ष समिति के द्वारा नगर की समाज सेवी संस्था खण्डेलवाल युवा कल्याण संगठन को आमंत्रित कर सेवा में सहयोग प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। युवा संगठन के अध्यक्ष शरद खण्डेलवाल के नेतृत्व में आज रेलवे स्टेशन में संगठन के उपाध्यक्ष पंकज खण्डेलवाल, कोषाध्यक्ष गौरव खण्डेलवाल, सहसचिव अतुल खण्डेलवाल, विशेष आमंत्रित सदस्य सौरभ खण्डेलवाल, अनुराग खण्डेलवाल, राम खण्डेलवाल, अंकित खण्डेलवाल द्वारा दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक रेलवे स्टेशन में आने वाली चार ट्रेनों के यात्रियों को निशुल्क शीतल जल प्रदान किया गया। बाल रत्न मंच सेवा समिति द्वारा इस सेवा के लिए युवा संगठन के सदस्यों को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया।

# वैश्विक स्तर पर छाप छोड़ता भारत

**इमैनुएल लेनैन**

विश्व के समक्ष समस्याओं को सुलझाने की दृष्टि से जी-20 एक प्रमुख संगठन के रूप में उभरा है। इसमें दुनिया के सभी महाद्वीपों के देशों का समावेश है, जो वैश्विक आबादी के दो-तिहाई और 80 प्रतिशत से अधिक जीडीपी का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसे में पृथ्वी को बचाने का बड़ा दारोमदार जी-20 के कंधों पर है। चिंतित करती हुई वैश्विक स्थितियों को देखते हुए हमें अब तत्काल कदम उठाने होंगे। जलवायु परिवर्तन का खतरा हमारे मुंह बाएं खड़ा है। सभी देश दैनिक स्तर पर इसके खतरनाक परिणाम भी भुगत रहे हैं। दक्षिण एशिया में गर्म हवाओं के थपेड़े जैसे मौसमी पहलू भी इसमें शामिल हैं। महासागर प्रदूषण की मार से कराह रहे हैं। जैव-विविधता संकट में है। अंतरराष्ट्रीय तनाव चरम पर है। विशेषकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में टकराव तेज है, जिससे भारत भी बखूबी परिचित है। वैश्विक अर्थव्यवस्था अभी भी महामारी से उत्पन्न गतिरोध से उबर रही है। इन सबसे बढ़कर यूक्रेन पर रूसी हमले ने चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। इसने वैश्विक आर्थिक रिकवरी को खतरे में डाल दिया है। इससे खाद्य, ऊर्जा और उर्वरक आदि की कीमतें बहुत ज्यादा बढ़ गई हैं।

इन चुनौतियों से केवल एक अकेला देश नहीं जूझ सकता। इन चुनौतियों का अंतरराष्ट्रीय स्वरूप वैश्विक समाधानों की ही मांग करता है। ऐसे में बेहतर यही होगा कि विश्व उत्तर बनाम दक्षिण या पूरब बनाम पश्चिम के विभाजनों में न फंसकर एकजुट होकर काम करे। हमें अवरोध के बजाय सेतु बनाने होंगे। इसके लिए 'वसुधैव कुटुंबकम्' का भारतीय दर्शन बहुत उपयोगी होगा। कुछ देशों के आक्रामक व्यवहार और अंतरराष्ट्रीय विभाजनों की काट में विश्व को एक परिवार मानकर साझा भविष्य के निर्माण की मंशा ही कारगर उपाय हो सकती है। राष्ट्रपति मैक्रों ने भी इसी प्रकार की अवधारणा को प्रोत्साहन दिया है। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की शुरुआत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में भी उनके ऐसे ही विचार प्रकट हुए।




इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर भारत के हाथों में जी-20 की कमान देखकर फ्रांस बहुत खुश है। यह वर्ष भारत के लिए अवसर लेकर आया है कि वह 'वसुधैव कुटुंबकम्' के अपने विचार को साकार करे और पृथ्वी को सुरक्षित एवं हरित बनाने में अपने योगदान को विश्व में मान्यता दिलाए। फ्रांस पहले दिन से ही भारत की अध्यक्षता का समर्थन कर रहा है। कार्यकारी समूहों से लेकर मंत्रिस्तरीय समूहों से जुड़ी बैठकों में फ्रांस की सक्रिय भूमिका रही है। हम कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक आयोजित की जा रही सभी बैठकों में शामिल हो रहे हैं। हमने भारत की प्राथमिकताओं जैसे कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दैनिक जीवन को सुगम बनाने से जुड़ी पहल और आपदा से निपटने के लिए उचित अवसंरचना बनाने की संकल्पना का पुरजोर समर्थन किया है। चूंकि जी-20 अध्यक्षता का दौर अपने आधे से अधिक पड़ाव को पार कर चुका है, जिसमें 100 से अधिक बैठकें हो चुकी हैं तो यह पड़ताल आवश्यक है कि हमने कितनी प्रगति की? इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत अपनी अध्यक्षता में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्टर से लेकर वित्तीय सुधार, ऊर्जा संक्रमण और जलवायु परिवर्तन के उपायों पर चर्चा में हुई प्रगति पर गर्व कर सकता है। फिर भी, दो देशों के रवैये ने इस प्रगति पर ग्रहण लगा दिया है। इस कारण एक के बाद एक बैठक में वही स्थिति उत्पन्न होती जा रही है, जहां जी-20 के 18 सदस्य भारत द्वारा प्रस्तावित निष्कर्षों से पूर्ण सहमति जताते हैं, वहीं रूस और चीन इस सहमति में अड़ंगा लगा देते हैं। ऐसा क्यों है?

गत वर्ष बाली में हुए जी-20 सम्मेलन में यही सहमति बनी थी कि यूक्रेन में युद्ध ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है। इसके बावजूद रूस का अब भी यही रवैया है कि यूक्रेन में उसके आक्रमण से शेष विश्व को कोई सरोकार नहीं होना चाहिए, लेकिन यह सोच एकदम गलत है। पहली बात तो यही कि सीमाओं का अतिक्रमण और नागरिकों पर बमबारी एक सार्वभौमिक चिंता का विषय है। दूसरा यह कि इस युद्ध की गरीब देशों को बड़ी भारी आर्थिक कीमत चुकानी पड़ रही है। इसके चलते गैस, खाद्य उत्पाद और उर्वरक जैसी वस्तुओं के दाम आसमान पर पहुंच गए हैं। इसलिए रूस को ऐसे किसी मुगालते में नहीं रहना चाहिए कि जी-20 को उसके नाकाम साम्राज्यवादी मंसूबों के विध्वंसक आर्थिक परिणामों पर प्रतिक्रिया नहीं करनी चाहिए। ऐसी स्थिति में जी-20 को चाहिए कि वह रूस के पथभ्रष्ट युद्ध से उपजी खाद्य एवं ऊर्जा असुरक्षा का कोई समाधान तलाशे। रूस चाहे तो इस युद्ध को कभी भी समाप्त कर सकता है। आखिर रूस के सैन्य दुस्साहस की कीमत भारत की जी-20 अध्यक्षता भला क्यों चुकाए? रूस और चीन जी-20 के 18 देशों की इच्छा के विरुद्ध भारत की अध्यक्षता में क्यों ऐसे अड़ंगे लगाने पर तुले हैं?

इस साल सितंबर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में जी-20 के नेता जब दिल्ली में सम्मेलन के लिए जुटेंगे तो यह मुद्दा चर्चा के केंद्र में होगा। इस शिखर सम्मेलन में विश्व में दो अवधारणाएं दांव पर होंगी। एक युद्ध में विश्वास करने वाले, जो जब चाहें पड़ोसी पर हमला बोलकर उसकी जमीन हड़प लें और अंतरराष्ट्रीय कानूनों को कुचलते रहें। दूसरी ओर होंगे वसुधैव कुटुंबकम् के समर्थक और ऐसा मानने वाले कि जिसके पास शक्ति हो आवश्यक नहीं कि वही सदैव सही हो। फ्रांस भारत के साथ मजबूती से खड़ा है और उसके विचारों के साथ है। हम भारत की आवाज के साथ अपनी आवाज मिलाएंगे, जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति मैक्रों के साथ एक हालिया बातचीत में कहा भी था कि वैश्विक बेहतरी के लिए हमें एक साझा ताकत के रूप में काम करना होगा।

## अनमोल दावा

*अपने लक्ष्य के लिए जोशीले और जुनूनी बनिए। विश्वास रखिए, परिश्रम का फल सफलता ही है.....।*

## गंभीर आरोपों का सामना कर रहे नेताओं के चुनाव लड़ने पर लगे रोक

सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत यह तथ्य हैरान करता है कि देश में पांच हजार से ज्यादा पूर्व और वर्तमान विधायकों-सांसदों पर आपराधिक मामले लंबित हैं। इससे यही पता चलता है कि अपने देश में आपराधिक अतीत वाले जनप्रतिनिधियों की कितनी बड़ी संख्या है। चिंताजनक यह है कि ऐसे जनप्रतिनिधियों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। हर स्तर के चुनावों में बड़ी संख्या में ऐसे प्रत्याशी उतर रहे हैं, जिन पर गंभीर आरोप हैं।

ताजा उदाहरण कर्नाटक का है। यहां हो रहे विधानसभा चुनावों में 16 प्रतिशत प्रत्याशी ऐसे हैं, जिन पर गंभीर आपराधिक मामले हैं। चूंकि इनमें सभी दलों के प्रत्याशी हैं, इसलिए इस नतीजे पर पहुंचने के अलावा और कोई उपाय नहीं कि कोई भी दल आपराधिक मामलों का सामना कर रहे लोगों को चुनाव मैदान में उतारने से बाज नहीं आ रहा है। इसका एक बड़ा कारण वह व्यवस्था भी है, जिसके तहत जेल में बंद लोग भी चुनाव लड़ने में सक्षम हैं। विडंबना यह है कि जेल में बंद लोग वोट देने के अधिकारी नहीं, लेकिन ऐसा व्यक्ति चुनाव लड़ सकता है। इस व्यवस्था का आधार यह तर्क है कि जब तक कोई दोषी सिद्ध न हो जाए, तब तक उसे निर्दोष ही माना जाना चाहिए।

यह तर्क गलत नहीं, लेकिन हमारे नीति-नियंताओं को इसका आभास होना चाहिए कि इसकी आड़ में ही राजनीति का अपराधीकरण हो रहा है और गंभीर आरोपों में लिप्त होने के आरोपित लोग विधानसभाओं और संसद में पहुंच रहे हैं। हाल में प्रयागराज में मारा गया गैंगस्टर अतीक अहमद एक समय विधायक और सांसद था। वह आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के बाद भी चुनाव लड़ने में इसलिए सक्षम रहा, क्योंकि राजनीतिक दलों ने बिना किसी शर्म-संकोच उसे संरक्षण दिया।

इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि सुप्रीम कोर्ट में इसे लेकर सुनवाई हो रही है कि सांसदों-विधायकों के विरुद्ध लंबित आपराधिक मामलों की शीघ्र सुनवाई कैसे हो, क्योंकि सच यह है कि ऐसे मामलों की सुनवाई के लिए विशेष अदालतों का गठन किए जाने के बाद भी उनका काम संतोषजनक नहीं। वे संसाधनों की कमी के साथ अन्य समस्याओं का सामना कर रही हैं। इसके चलते दागी जनप्रतिनिधियों के मामलों की सुनवाई अपेक्षित गति से नहीं हो पा रही है। इसके चलते हमारा लोकतंत्र कलंकित हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट को केवल यही नहीं देखना चाहिए कि आपराधिक मामलों का सामना कर रहे जनप्रतिनिधियों के मुकदमों की सुनवाई तेजी से हो, बल्कि उसे इस पर भी ध्यान देना चाहिए कि दागी नेताओं को चुनाव लड़ने से कैसे रोका जाए। इसके लिए उसे चुनाव आयोग को अतिरिक्त शक्ति देनी चाहिए, जो यह मांग कर रहा है कि उन्हें चुनाव लड़ने का मौका न मिले, जिन पर गंभीर आरोप हैं और जिनके खिलाफ आरोप पत्र दायर हो चुके हैं। आखिर इस मांग में गलत क्या है?

## विचार सरिता

### भाग-9 जिसका कोई नहीं उसके साथ खड़े होते हैं हरि

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



अश्वत्थामा को ब्रह्मास्त्र परिवर्तित करने का उपक्रम करते देखकर श्री कृष्ण ने कहा, अश्वत्थामा! अपने प्रक्षेपित ब्रह्मास्त्र को तुम उत्तरा के गर्भ के स्थान पर इस पृथ्वी से बाहर अंतरिक्ष के किसी निर्जन स्थान या अनुपयोगी ग्रह की ओर परिवर्तित कर दो।

अश्वत्थामा- कृष्ण! आपने हमेशा पांडवों का पक्ष लिया है। उनसे बदला लेने का एक अवसर उपस्थित हुआ है तो आप मुझे दिग्भ्रमित कर रहे हैं। न पांडवों के नाश का मेरा कथन झूठा होगा और न यह दिव्य अस्त्र व्यर्थ जाएगा।

श्री कृष्ण- ऐसी मूर्खता मत करो अश्वत्थामा! इस भयंकर कर्म का परिणाम भी तुम्हारे लिए अति भयंकर होगा। तुम कुछ भी कर लो लेकिन पांडवों के वंश की रक्षा होकर रहेगी और तुम अपने इस पाप कर्म में सफल नहीं हो पाओगे।

अश्वत्थामा ने ब्रह्मास्त्र को नियंत्रित करने की अपनी चेष्टा जारी रखी। श्री कृष्ण आंखें बंद कर अल्प ध्यान में चले गए। युधिष्ठिर की मुट्ठियां भिंच गईं और क्रोध से आंखें लाल होने लगीं। अश्वत्थामा का आकाश में दूर-दूर तक विनाशकारी प्रभाव दिखाता ब्रह्मास्त्र धीरे-धीरे घनीभूत होकर संकेंद्रित होने लगा। विराट ज्वालाएं धीरे-धीरे संकुचित होकर एक अग्नि स्तंभ में परिवर्तित होने लगीं और देखते ही देखते उसने एक सुनहरे तेजयुक्त दहकते अग्निबाण का रूप ले लिया। अर्जुन ने तेजी से अपने तरकस से एक बाण निकाला। इससे पहले कि वह अश्वत्थामा पर इसे छोड़ पाते, अश्वत्थामा का यह परिवर्तित ब्रह्मास्त्र तेजी से एक दिशा की ओर मुड़ गया और देखते ही देखते सभी की आंखों से ओझल हो गया।

उधर महाभारत के युद्ध में अल्पआयु में ही वीरगति को प्राप्त अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा राजमहल के प्रांगण में निष्प्राण बैठी है। उत्तरा हर क्षण अभिमन्यु की स्मृतियों में ही खोई रहती है। अभिमन्यु अर्जुन के प्रतिरूप से लगते थे। युद्ध कौशल और रणनीति में भी वे द्वापर युग के अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं की श्रेणी में शामिल हो रहे थे। पांडवों का ऐसा विचार था कि धनुर्विद्या में अर्जुन का उत्तराधिकारी अगर कोई हो सकता है तो वह अभिमन्यु ही है। मां के गर्भ में ही उसने चक्रव्यूह में प्रवेश करने और उसे भेदने की विद्या सीख ली थी।गर्भवती माता को अच्छे विचारों का चिंतन करना अति महत्वपूर्ण है, यह सुभद्रा और अभिमन्यु के प्रसंग से स्पष्ट होता है।एक संतान जन्म के पूर्व से ही संस्कारों को सीखना प्रारंभ कर देती है।

युद्ध भूमि में प्रस्थान करने से पूर्व अंतिम विदाई के समय उत्तरा ने अभिमन्यु से कहा था,आप युद्ध भूमि से वापस कब लौटेंगे?

मुस्कुराते हुए अभिमन्यु ने कहा था, जब जीत मिल जाएगी तब उत्तरा!

(क्रमशः)

जीवन सूत्र- अश्वत्थामा का ब्रह्मास्त्र अमोघ है लेकिन श्री कृष्ण ने उसके भी निष्प्रभावी हो जाने की घोषणा कर दी।जिनके कोई नहीं होता उनके साथ ईश्वर होते हैं और विपत्तियों से रक्षा करते हैं।

(अट्ठाइसें व्यास- श्री कृष्ण द्वैपायन- भाग-9- मानव सभ्यता का इतिहास सृष्टि के उद्भव से ही प्रारंभ होता है, भले ही शुरू में उसे लिपिबद्ध ना किया गया हो।महर्षि वेद व्यास रचित श्रीमद्भागवत, महाभारत आदि अनेक ग्रंथों में उल्लिखित कथा सूत्रों से आधुनिक जीवन और यांत्रिक होती दुनिया के प्रश्नों को सुलझाने वाले अनेक जीवन सूत्र सहजता से प्राप्त होते हैं। इस श्रृंखला में उन सूत्रों को पाठकों के सामने कथा रूप में प्रस्तुत करने का भक्तिभाव और कहीं-कहीं कल्पना से परिपूर्ण लेखकीय प्रयास है।)

## सामयिक चर्चा

### बेटी! .....बेटे! पढ़ने बैठ जा!

दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षा का
रिजल्ट पढ़कर,
अपने आप हँसकर, बोले बानी-
''गजाधर! हर साल की तरह
इस वर्ष भी लड़के पीछे रह गए,
और लड़कियों ने बाजी मारी।
तो इसका कारण क्या है गजाधर!
क्या आपने किया है चिन्तन इस पर ?''
गजाधर मुस्कराए, बोले- ''बानी!
इस पर, चिन्तन करने जैसी,
कोई बात नहीं है।
हम तो घर-बाहर में,
अड़ोस-पड़ोस में,
प्रायः रोज देखते यही हैं-
इधर माँ-बाप परेशान हो कहते हैं-
''दिन भर तो पढ़ती रही है बेटी!
देख, कितनी हो गई है रात।
तो अब पढ़ाई छोड़ और सो जा!
उधर भी माँ-बाप परेशान हो कहते है-
''दिन भर तो मटर गश्ती करता रहा है बेटे!
देख, कितनी शान्त हो गई है रात!
तो अब टी.वी. छोड़ और पढ़ने बैठ जा!




– गिरीश बख्शी

## शब्द सामर्थ्य -061

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 060 का हल**



## सू- दोकू क्र.061

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.060का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## कविता

### पानी हे अनमोल

पानी हे अनमोल
पानी बिन जिनगी अधूरा,
बात ल सुन लो पूरा।
पानी हे जीव के आधार,
इहि हवे जिये के सार।
पानी ल हवे बचाना,
कहना ल मानो सुजाना।
पानी ल साफ राखव,
येला बचाए बर जागव।
पानी हवे संगी अनमोल,
येकर कुछु नई हे मोल।
पानी बर पेड़ लगाबो,
तीर-तीर म नंगत जगाबो।
पानी बर जबर जोरियाबो,
पौधा ल सबो बचाबो।
पानी तभे सबो बर पुरही,
जभे माई-पिला ह जुरही।



– हेमलाल सहारे
मोहगांव ( छुरिया )

## भ्रष्टाचार का भयावह रूप

सीबीआई ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम वापकोस यानी वाटर एंड पावर कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राजेंद्र कुमार गुप्ता के विभिन्न परिसरों पर छापेमारी के दौरान जिस तरह लगभग 38 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की, उससे यही पता चलता है कि भ्रष्टाचार किस तरह अपनी जड़ें जमाए हुए है। राजेंद्र कुमार गुप्ता के एक दर्जन से अधिक ठिकानों से केवल 38 करोड़ रुपये नकद ही नहीं मिले, आभूषण संग संपत्तियों के अनेक दस्तावेज भी मिले। सार्वजनिक क्षेत्र के किसी उपक्रम के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के यहां से इतनी अधिक संपत्ति मिलना सामान्य बात नहीं। यह केवल आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक कमाई का मामला नहीं। यह बेलगाम भ्रष्टाचार का भयावह मामला है। यह ठीक है कि आखिरकार सीबीआइ वापकोस के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तक पहुंच गई, लेकिन प्रश्न यह है कि आखिर उन्होंने इतनी अकूत संपत्ति कैसे जुटा ली? निःसंदेह यह नहीं माना जा सकता कि यह संपत्ति उन्होंने 2019 में सेवानिवृत्त होने के बाद कंसल्टेंसी के अपने कथित व्यवसाय से अर्जित की होगी।

यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि यह संपदा सेवा में रहते समय अपने पद और प्रभाव का अनुचित इस्तेमाल करते हुए जुटाई गई होगी। क्या यह कहा जा सकता है कि वह ऐसा करने वाले एकलौते अधिकारी होंगे? वास्तव में ऐसे अधिकारियों की गिनती करना कठिन है और इसका प्रमाण सीबीआइ की ओर से समय-समय पर सरकारी अधिकारियों के यहां की जाने वाली छापेमारी से चलता है। इस छापेमारी के दौरान अनेक अधिकारियों के पास से आय के ज्ञात स्रोतों से कहीं अधिक और कई बार तो बेहिसाब संपदा मिलती है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि सीबीआई भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करती रहती है, क्योंकि यह कठिनाई से ही सुनने को मिलता है कि किसी भ्रष्ट अधिकारी को उसके किए की सजा मिली। चूंकि भ्रष्ट अधिकारियों को मुश्किल से ही सजा मिलती है, इसलिए सरकारी तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इस आम धारणा को गलत नहीं कहा जा सकता कि जो भी सरकारी विभाग निर्माण कार्य कराते हैं या फिर उनके लिए ठेके देते हैं, उनके अफसर करोड़ों के वारे-न्यारे करते हैं।

यह सीबीआई ही बता सकती है कि वापकोस के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने इतनी अधिक संपदा कैसे जुटा ली, लेकिन इतना तो समझा ही जा सकता है कि भ्रष्ट अधिकारियों की वैसी निगरानी नहीं की जा पा रही, जैसी आवश्यक है। इस नतीजे पर पहुंचने के अलावा भी कोई उपाय नहीं कि सरकारी तंत्र के तौर-तरीके ऐसे हैं, जिनमें भ्रष्ट अधिकारी दोनों हाथों से अवैध कमाई करने में सक्षम हैं। उनकी यह सक्षमता न केवल शर्मनाक है, बल्कि चिंताजनक भी। सरकार कुछ भी दावा करे, लगता यही है कि भ्रष्ट अधिकारी उसकी आंखों में धूल झोंकने में सफल हैं।

## राशिफल



**मेष**
आज का दिन आपकी अपेक्षाओं के अनुसार रहेगा। सामाजिक एवं पारिवारिक क्षेत्र पर आज आप भाग्यशाली माने जाएंगे। आपके अधिकांश कार्य सरलता से बनते चले जाएंगे। जायदाद सम्बंधित कार्यो को आज करना शुभ रहेगा। सरकार की तरफ से लाभदायक समाचार मिल सकता है।



**वृषभ**
आपका आज का दिन सामान्य रहेगा। परिजनों का सहयोग मिलेगा। संबंधो में मधुरता लाने का प्रयास करें। गलतफहमियां आज परेशान कर सकती है। कार्य क्षेत्र पर प्रतिस्पर्धा अधिक रहने से अधिक ध्यान देना पड़ेगा। आपके हिस्से का लाभ किसी अन्य व्यक्ति को न लेने दें। संभावित अनुबंध निरस्त होने से मन भारी रहेगा।



**मिथुन**
आज के दिन के पूर्वार्ध में शारीरिक रूप से असमर्थ रहेंगे आलस्य अधिक रहने से उत्साह की कमी रहेगी। परिवार का वातावरण असहज रह सकता है। परन्तु मध्यान तक स्थिति सुधरने लगेगी अपना उत्तरदायित्व समझेंगे किसी विशिष्ट व्यक्ति के मार्गदर्शन से कार्य क्षेत्र पर लाभ के अनुबंध मिलेंगे।



**कर्क**
आज का दिन आनंददायक रहेगा। आज आप लगभग प्रत्येक क्षेत्र पर सफल रहेंगे। सफलता के पीछे परिजनों का भी विशेष योगदान रहेगा फिर भी आज स्वार्थ की मनोवृत्ति अधिक रहने से किसी का अहसान नहीं मानेंगे। महिला मित्रो से ज्यादा नजदीकी के कारण समाज में निंदा हो सकती है।



**सिंह**
आज के दिन आपके लिए विशेष रहेगा। धन को लेकर चिंता न करें बल्कि धन सम्बंधित मामलो को प्राथमिकता से निपटाएं अन्य सब सही होगा। कार्य व्यवसाय में धन लाभ होते होते आगे के लिए टलेगा। किसी विशेष खुशी का आयोजन होगा जिससे परिवार में खुशी का माहौल होगा व भरपूर सहयोग मिलेगा।



**कन्या**
आज आप शारीरिक एवं मानसिक रूप से बेहतर अनुभव करेंगे। दिन के आरम्भ में किसी इच्छित कार्य के बनने से मन में उत्साह बढेगा। व्यवहार में भी मधुरता रहने से आसानी से अपने कार्य निकाल सकेंगे। घर में अथवा कार्य क्षेत्र पर बड़बोलापन व्यर्थ की समस्या खड़ी ना करे।



**तुला**
आज के दिन आपको संयमित व्यवहार करने की सलाह है। स्वाभाव में उग्रता रहने सही नहीं होती ध्यान रहे । आपके कार्य करने का तरीका किसी अन्य के लिए मुसीबत खड़ी कर सकता है। बिना बात बोलने अथवा सलाह देना उचित नहीं। धन आवश्यकता के समय नहीं मिलने पर निराशा होगी।



**वृश्चिक**
आज के दिन कार्य क्षेत्र के साथ साथ घरेलु कार्य अधिक रहने से व्यस्तता बढ़ेगी। दोपहर का समय धन लाभ के अवसर भी मिलेंगे परन्तु आशा के अनुसार सफलता नहीं मिल पाएगी। घर में सजावट एवं बदलाव लाने के लिए समय एवं धन खर्च हो सकता है। सन्तानो की जिद के चलते थोड़े असहज रहेंगे।




**धनु**
आज का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। व्यापार अथवा नौकरी करने वाले जातक आज परिश्रम के बाद ही कार्य में सफलता पा सकेंगे। उच्चाधिकारी से किसी बात पर मतभेद रह सकता है आज इनसे बचकर रहने का प्रयास करें। कार्य क्षेत्र पर सहकर्मियों का पूर्ण सहयोग मिलने से थोड़ी राहत अनुभव होगी।



**मकर**
आज आपके मन के विचार थोड़ी-थोड़ी देर में बदलते रहेंगे जिससे कोई भी ठोस निर्णय लेने में दिक्कत आएगी। परन्तु फिर भी आज आपका ध्यान सुख के साधनों की हर हाल में वृद्धि करने में रहेगा। अनैतिक साधनो से लाभ पाने के प्रलोभन भी मिल सकते है परन्तु इनसे बच कर रहे भविष्य की हानि से भी बचेंगे।



**कुंभ**
आज का दिन सामान्य रहेगा। आज के दिन आप अपने ही गैरजिम्मेदार व्यवहार से बचें । कार्यो में लापरवाही भी अधिक न करें। हर कार्य में शक करने के कारण परिवार अथवा कार्य क्षेत्र पर सौहार्द पूर्ण रहें। व्यवसाय आशा के अनुकूल रहेगा। धन लाभ आज परिश्रम ही हो पायेगा।



**मीन**
आज घर एवं सामाजिक क्षेत्र पर आपके विचारों को पसंद किया जाएगा। अनजान लोग भी आपकी बातों से प्रभावित होंगे नए मित्र एवं जनसंपर्क बनेंगे। सेहत भी आज अच्छी रहेगी। कार्य क्षेत्र पर अपने बल पर कार्य करेंगे। धार्मिक कार्यों में रूचि बढेगी। आज किसी से मदद अथवा शिफारिश नहीं लेंगे।

# अब नवीन सडक़ परेशानी का सबब

**पहले महीनों खोदकर छोड़ा-अब बनाकर ऊंचा किया**

डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र व नगर में किये जा रहे विकास कार्यों की अपनी ही गाथा है. ठेकेदारों की मनमानी और विभागों की अनदेखी के चलते शहरवासियों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.



इसी क्रम में नगर के डोंगरगांव-बरगांव मार्ग में पीडब्ल्यूडी विभाग व्दारा नवनिर्मित कांक्रीट सडक़ अब राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गया है. एक समय ऐसा भी था, जब पुराने अस्पताल से लगभग आधे किलोमीटर को खोदकर छोड़ दिया गया था, जिसकी वजह से कई महीनों तक राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था और इस मार्ग पर अनेक दुर्घटनाएँ हुई. इसके बाद नगर के एक पार्षद और युवाओं ने मोर्चा खोलते हुए प्रदर्शन करना पड़ा था. इसके बाद जैसे तैसे इस मार्ग के छोटे से पैच को पीडब्ल्यूडी विभाग के ठेकेदार ने सडक़ बना तो दिया है किन्तु सडक़ इतना ऊंचा बनाया गया है कि इसकी वजह से अब गंभीर दुर्घटनाएं सामने आ रही है.

अनेक रहवासियों के घरों के सामने यह सडक़ एक फीट से भी ऊंचा बनाया गया है और साईड फिलिंग नहीं किये जाने से इस रोड में चढऩे उतरने में लोगों को काफी परेशानी हो रही है. वाहन चालकों को भी इस सडक़ पर ध्यान रखकर वाहन चलाने का निवेदन करते हुए इस विषय में पीडब्ल्यूडी इंजीनियर संजय उईके ने बताया कि नवनिर्मित सडक़ में फिलिंग कार्य किया जाना है जिसके लिए पहले ही ठेकेदार को शीघ्र कार्य करने कह दिया गया है.

# पुलिस अधीक्षक ने शिक्षकों को जोड़ा 'हमर बेटी हमर मान' कार्यक्रम से

**o भावी शिक्षकों ने चर्चा दौरान किए गए प्रश्नों से शंका समाधान कर अपनी अध्यापन प्रणाली में लाया निखार**
**o शारीरिक और मानसिक शोषण से कैसे बचें बच्चे, इस विषय पर शिक्षकों को दी गई ट्रेनिंग**



खैरागढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति नेहा पाण्डे (रा.पु.से.) के दिशानिर्देश पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ लालचंद मोहले (रा.पु.से.) एवं प्रशिक्षु डीएसपी प्रतिभा लहरें के मार्गदर्शन में डाईट संस्था के द्वारा भविष्य में बनने वाले शिक्षकों को उनके चेतना एवं विकास के कार्यक्रम दौरान पुलिस अधीक्षक खैरागढ़ छुईखदान गंडई सुश्री अंकिता शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमती नेहा पांडे द्वारा उनके चेतना एवं विकास के कार्यक्रम में अध्यापन प्रणाली में निखार लाने एवं व्यवहारिक ज्ञान देने आमंत्रित करने पर आज 11 मई 2023 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय खैरागढ़ के हाल में चेतना एवं विकास कार्यक्रम के दौरान डाइट संस्था के सैकड़ों भावी शिक्षकों को उनके अध्यापन प्रणाली में निखार लाने वक्तव्य दिया किया गया।

भविष्य में सुदूर क्षेत्र में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अध्यापन के साथ-साथ महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित कानून उनके सुरक्षा के उपाय, अपराध घटित होने के कारण एवं उससे बचाव के तरीके का ज्ञान दिया गया। शिक्षकों और विद्यार्थियों के मध्य सामंजस्य बैठाकर विद्यार्थियों को किस प्रकार से जागरूक करना है, विद्या अध्ययन के साथ-साथ अपने भविष्य के निर्माण में वह किस प्रकार अपने राज्य एवं देश में सहभागी बन सकते हैं इससे संबंधित जरूरी टिप्स दिए गए। चेतना एवं विकास कार्यक्रम के दौरान डाइट संस्था के भावी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने चर्चा दौरान अपने अध्यापन प्रणाली में सुधार लाने के लिए जरूरी प्रश्न कर अपने शंका का समाधान किया और अध्यापन दौरान व्यवहारिक दिक्कतों का सामना किस प्रकार किया जाए , उसके संबंध मैं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमती नेहा पांडे ने उनके व्यावहारिक दिक्कतों का जवाब देकर समाधान किया एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी । साथी सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को अभिव्यक्ति ऐप को डाउनलोड करा कर पंजीकृत कराया गया।डाइट संस्था के चेतना एवं विकास कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सहयोग पाकर काफी हर्ष का वातावरण बना रहा और डाइट संस्था के द्वारा पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पांडे सहित पुलिस विभाग खैरागढ़ का आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त की गई।

उक्त कार्यक्रम में डाइट संस्था के अधिकारी सुनील शर्मा सहित अध्यापक गण एवं उप निरीक्षक शक्ति सिंह, प्रधान आरक्षक शिवराम धुर्वे, आरक्षक गंगा वर्मा, फुलेश्वर वर्मा, रजनीकांत, महिला आरक्षक राधिका साहू सहित अन्य पुलिस स्टाफ का कार्य सराहनीय रहा।

# कार्यशाला में दिए आयकर संबंधी निर्देशों का पालन सभी डीडीओ सुनिश्चित करेंगे-कलेक्टर

खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन में जिला कोषालय के द्वारा आयकर टीडीएस संबंधी नवीनतम प्रावधानों की जानकारी और कार्यपालन हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला कार्यालय से सभागार में आहरण एवं संवितरण अधिकारियों हेतु आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला की अध्यक्षता कलेक्टर ने की। इस अवसर पर आयकर टीडीएस कार्यालय भिलाई के आयकर अधिकारी उषा शैलेष एवं आयकर इंस्पेक्टर लीजी अब्राहम उपस्थित थे।




केसीजी कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अध्यक्षीय उद्बोधन में आयकर और जीएसटी के अंतर को समझाते हुए सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि डीडीओ के आयकर शंकाओं के समाधान हेतु कार्यशाला आयोजित की गई है, दिए निर्देशों का पालन करेंगे। कार्यशाला में विशेष रूप से आयकर टीडीएस कार्यालय भिलाई से आये आयकर अधिकारी उषा शैलेष एवं आयकर इंस्पेक्टर लीजी अब्राहम ने आयकर सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होने खैराग? के साथ छुईखदान एवं गंडई के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी एवं उनके लेखापाल को डीडीओ के रूप में टीडीएस की कटौती में उनकी भूमिका एवं इससे संबंधित आयकर के नवीनतम प्रावधानों की व्याख्या सरल शब्दों में समझाई।

### वेतन पर आयकर की कटौती प्रतिमाह किया जाना आवश्यक है - उषा शैलेष

आयकर टीडीएस कार्यालय भिलाई से आये आयकर अधिकारी उषा शैलेष ने कार्यशाला में बताया कि वेतन पर आयकर की कटौती प्रतिमाह किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वेतन पर आयकर की कटौती के साथ ही टीडीएस कटौती नियमानुसार न किए जाने पर अधिभार सहित लेटफीस का भुगतान की दायित्व सम्बंधित डीडीओ का होगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए कोषालय अधिकारी गिरीश देवांगन ने टीडीएस कटौती के संदर्भ में कोषालय की भूमिका के बारे में बताते हुए इसके लिए आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को सजग रहने की एवं वेतन सहित अन्य भुगतानो पर टीडीएस कटौती एवं त्रैमासिक विवरणी अनिवार्य रूप से जमा करने की सलाह दी।

आयकर कार्यशाला में जिला प्रशासन के अधिकारियों सहित सहायक कोषालय अधिकारी विलास कुमार झाड़े, चन्द्रभूषण ठाकुर एवं हेमंत कुमार साहू सहित कमलेश खुसरो उपकोषालय अधिकारी छुईखदान एवं संजय सोनी, प्रकाश खाण्डेकर एवं निकुंज नायक के साथ जिला के समस्त डीडीओ और उनके लेखापाल उपस्थित हुए।

# रोशन को पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद व पूर्व जिपं अध्यक्ष ने दी बधाई

डोंगरगांव (दावा)। नगर के सीजी पब्लिक स्कूल के छात्र व डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम बीजाभांठा निवासी रोशन सिन्हा आ.हीरालाल सिन्हा के 10वीं बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्यता क्रम में 8 वां स्थान प्राप्त करने पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है. पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह तथा सांसद संतोष पाण्डेय ने जहां मोबाईल पर रोशन से बातचीत कर बधाई दी है, वहीं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी सहित भाजपा के लोग भी उनके घर पहुंचे और उन्हें व उनके परिवारजनों से भेंट कर मिठाई खिलाकर इस सफलता पर बधाई दी व उनका उत्साहवर्धन किया.



**प्रावीण्य सूची में आने पर बधाई की होड़**

रोशन के घर पहुंचे जिपं के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने सर्वप्रथम रोशन की पूर्व मुख्यमंत्री तथा भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.रमन सिंह व सांसद संतोष पाण्डेय से मोबाईल पर बात करवाई. मोबाईल पर डॉ. रमन एवं श्री पाण्डेय ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की जरूरत पडऩे पर मिलने की बात कही. साथ ही भरपूर सहयोग का आश्वासन दिये. इस दौरान रोशन के पिता हीरालाल सिन्हा तथा माता श्रीमती कुमारी बाई सिन्हा को भी उन्होनें बधाई व शुभकामनाएं दी. इस मौके पर पार्षद सिद्दीक बडग़ुजर तथा जिला भाजयुमो कोषाध्यक्ष प्रफुल्ल जैन राजा भी उपस्थित रहे. दूसरी ओर सिन्हा समाज की ओर से भी पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष दीपक कुमार सिन्हा, जिला अध्यक्ष ठाकुरराम सिन्हा, जिला महामंत्री देवजी सिन्हा, युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष डागेश्वर सिन्हा, जिला प्रचार प्रसार मंत्री बालकृष्ण सिन्हा, सोनकुमार सिन्हा डोंगरगढ़, तहसील मंडलेश्वर भागवत सिन्हा, सचिव गोकुल सिन्हा सहित अन्य ने भी रोशन को बधाई प्रेषित की है.

# ब्राह्मण समाज डोंगरगढ़ तहसील के अनिल पांडेय बने अध्यक्ष

डोंगरगढ़ (दावा)। ब्राह्मण समाज के विप्र भवन केदार बाडी, डोंगरगढ़ में आयोजित महाबैठक में पूर्व अध्यक्ष राजकुमार द्विवेदी के शानदार कार्यकाल की समाप्ति पश्चात समाज के लोगो ने उनके कार्य की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया.

साथ ही सभी विप्र बंधुओ ने अपने समाज के नए अध्यक्ष के रूप में अनिल पांडेय का मनोनयन किया. बैठक में प्रमुख रूप से द्वारका प्रसाद शर्मा, राजकुमार पांडेय,अशोक ओझा, विजय पांडेय,रामखिलावन दुबे, युवराज शर्मा,चंद्रमणि ओझा, दुर्गेश शुक्ला, ललित शर्मा, राजीव मिश्रा, राजेन्द्र गर्ग,अमिताप पांडेय, लक्ष्मण प्रसाद पांडेय, लक्ष्मी नारायण पांडेय,आनंद पांडेय, संजय मिश्रा, अजय मिश्रा, अमित पांडेय, प्रकाश शर्मा, शशांक उपाध्याय,प्रमोद शुक्ला,अनिल शर्मा, राकेश शर्मा, दिलीप बाजपेयी, सतीश प्रसाद मिश्रा, प्रदीप तिवारी, रवि दुबे, आकाश शर्मा,अजय शर्मा, आशीष शुक्ला, वरुण मिश्रा, हर्षे मिश्रा, महेंद्र त्रिपाठी, ओम तिवारी, उमेश तिवारी, हेमंत तिवारी, परषोत्तम दुबे, अनमोल तिवारी, तारेश दुबे, रमाकांत तिवारी,राहुल ओझा, जनक तिवारी, देवनारायण शुक्ला, आकाश पांडेय ,राजेन्द्र मिश्रा,सत्येंद्र उपाध्याय उपस्थित थे।



# बीपीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल की सपना साहू रही अव्वल

डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित दसवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में बीपीएस पैरेन्ट्स प्राइड इंग्लिश मीडियम स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा. संस्था से शामिल सभी 11 परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त किया और संस्था की सपना साहू ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र व संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया है. संस्था द्वारा प्रदत्त जानकारी अनुसार पिछले कई वर्षों से संस्था का रिजल्ट लगातार बेहतर हो रहा है.



**दसवीं बोर्ड में सभी बच्चे प्रथम श्रेणी में**

गत वर्ष भी सभी 16 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में 10 वीं बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण किया था जबकि इस वर्ष भी सभी बच्चों ने रिकार्ड कायम रखते हुए प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर संस्था और अपने परिवार का नाम रोशन किया है. जानकारी के अनुसार संस्था की सपना साहू ने 93 प्रतिशत के साथ प्रथम, ईशा साहू ने 89.83 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा दुर्गेश नंदिनी ने 89.5 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया. इसके अलावा वीना देवांगन, महिमा राजपूत, निकिता साहू, प्रतीक मेश्राम, प्रेरणा साहू, आदित्य मेश्राम, युवराज साहू तथा काव्या शांडिल्य ने भी उत्कृष्ट अंकों के साथ सफलता अर्जित की है. समस्त सफल छात्र-छात्राओं को संस्था की प्राचार्य नंदनी साहू, हेडमास्टर नीलेश श्रीवास्तव सहित समस्त स्टॉफ तथा मैनेजमेंट बोर्ड के सभी सदस्यों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है.

# राईट गुरुकुल में बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम रहा उत्कृष्ट



डोंगरगांव (दावा)। नगर में संचालित संस्था राईट गुरुकुल हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा.

10वीं अंग्रेजी माध्यम में रितेश कुमार साहू 90 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रहे वहीं ऐश्वर्यश्री वैष्णव द्वितीय, नेहा सोनी तृतीय स्थान के साथ ही संस्था में अध्ययनरत सभी विघार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त किया है. वहीं हिन्दी माध्यम कक्षा 10वीं में चंचल साहू 88 प्रतिशत लेकर प्रथम, भावेश भुआर्य द्वितीय, धाविका साहू तृतीय, हेमा साहू, चतुर्थ व लेमन साहू ने पंचम स्थान प्राप्त किया जबकि पीयूष साहू रूपान्शु साहू, निखिल साहू, नवनीत साहू,प्रेरणा सोरी,तमन्ना खान, गीत चौधरी, विशाल चौरे, यीश कुमारी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

कक्षा 12 वीं में दीपेश साहू 86 प्रतिशत लेकर प्रथम, कुणाल चंद्रवंशी द्वितीय, काजल साहू व वेदिका यादव तृतीय स्थान के साथ उमेश कुमार, गिरीश देवांगन, हेमंत श्रीवास्तव, रीना चंद्रवंशी, प्रीति साहू, डालेश्वरी साहू, दीप्ति साहू, ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए. 10 वी बोर्ड में संस्था का परिणाम शत् प्रतिशत तथा कक्षा 12 वी का परिणाम 95 प्रतिशत रहा. संस्था के प्राचार्य लोकेश्वर साहू, शिक्षक प्रशांत साहू, सुमित साहू, अमित नांदेश्वर, दीपक अत्री, मनमोहन साहू, कामता प्रसाद व समस्त शिक्षकगण ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

# सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा. दसवीं कक्षा में टॉप 10 विद्यार्थियों में हर्षिता जंघेल 94.83 प्रतिशत, रेनू साहू 94.16 प्रतिशत, रोहन हठीले 92.83 प्रतिशत, शशांक डोंगरे 91.50 प्रतिशत, वाणी साहू 90.83 प्रतिशत, याचना साहू 89प्रतिशत, अंबादे 88.83 प्रतिशत, वैशाली सिन्हा 88.50 प्रतिशत, देवेंद्र मंडावी 86.83 प्रतिशत एवं दसवें स्थान पर, आदित्य सोनवानी का 86.50 प्रतिशत रहा. परीक्षा परिणाम 82 प्रतिशत रहा. प्रथम श्रेणी में 51 द्वितीय श्रेणी 11 विद्यार्थियों ने प्राप्त किया.



इसी प्रकार हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम में सोम दुबे गणित संकाय 91 प्रतिशत, पलक अग्रवाल वाणिज्य संकाय 86.6 प्रतिशत, मणिशंकर कौशिक गणित संकाय 86.20 प्रतिशत, पायल कृषि संकाय 85.80 प्रतिशत, कुसुम पटेल जीव विज्ञान से 84.80 प्रतिशत, ऐश्वर्य राज वर्मा बायो संकाय से 84.20 प्रतिशत, कुणाल साहू 82.40 प्रतिशत, एकता सोनी जीव विज्ञान 82 प्रतिशत, भूमि देवांगन कृषि संकाय प्रतिभा उइके गणित संकाय 81.60 प्रतिशत, एवं दसवे स्थान पर विशाल वर्मा ने वाणिज्य संकाय 80.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए. हायर सेकेंडरी परीक्षा में प्रथम श्रेणी 63, द्वितीय श्रेणी 33 तृतीय श्रेणी 04 विद्यार्थी रहे है.

परीक्षा परिणाम 93 प्रतिशत है. इन भैया बहनों को विद्यालय के प प्राचार्य प्रकाश यादव, समस्त छगन एवं संस्था के पदाधिकारी गणों ने उत्तीर्ण भैया बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना की है एवं उनको शुभकामनाएं बधाई प्रेषित किए हैं.

# 10 वीं में आलीवारा का उत्कृष्ट परिणाम रहा



मुसरा (दावा)। छ.ग. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं बोर्ड परीक्षा में शास. हाईस्कूल आलीवारा का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम रहा। प्रविष्ट 27 में से 27 उत्तीर्ण होकर शाला व क्षेत्र का नाम रोशन किये हैं। कक्षा में गोविंद वर्मा 79 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, कुमारी आरती साहू 73 प्रतिशत द्वितीय व कुमारी यशोदा विश्वकर्मा 67 प्रतिशत अंक से तृतीय स्थान प्राप्त किये है। कुल 27 में 7 प्रथम, 15 द्वितीय व 5 तृतीय स्थान प्राप्त कर शाला को गौरवांवित किये है। शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम पर क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू, सरपंच गायत्री ध्रुवे, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजीव साहू, भारत सेन सहित प्रभारी प्राचार्य जे.एल. हुमने, के.आर. यादव, पी.के. दीक्षित, तारकेश्वरी जंघेल, मौसमी साखरे, नेहा वर्मा, रामेश्वर दशरिया, मंगलूराम वर्मा ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामन किये हैं। उक्त जानकारी के.आर. यादव ने दी।

# कु. भूमिका ने अर्जित की उत्कृष्ट अंक



तुमड़ीबोड़ (दावा)। स्थानीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला तुमडीबोड में अध्ययनरत कक्षा दसवीं की छात्रा कु. भूमिका आत्मज काजू राम साहू ग्राम बोदेला ने संपन्न माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं की परीक्षा में 93.6त्न अंक अर्जित कर हाईस्कूल तुमड़ीबोड में प्रथम स्थान व जिले में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। कुमारी भूमिका की इस उपलब्धि पर बीमा सलाहकार कौशल वर्मा, किसान नेता गुलाब वर्मा, सरपंच सुरेंद्र लिल्हारे, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, प्रभारी प्राचार्य शंकर लाल साहू, दुष्यंत वर्मा, मुकेश कुमार वर्मा, अमरनाथ साहू, हेमंत साहू आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्रवेश हेतु पालकों में उत्साह

घुमका (दावा)। घुमका में आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी मीडियम स्कूल में प्रवेश के लिए गुरुवार को 12 लॉटरी खुलने का इंतजार मैं पालकगण उत्साह से बैठे रहे। 12 बजे के बाद लॉटरी सिस्टम से प्रवेश के लिए छात्र-छात्राओं का चयन करने की प्रक्रिया शुरू हुई। सिस्टम से छात्र-छात्राओं का चयन करने के लिए शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर डोमन सिंह ने कमेटी बनाकर पत्र क्रमांक 383 में आदेश जारी कर दी है। इस आदेश के अनुसार आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में लॉटरी सिस्टम से छात्र-छात्राओं को प्रवेश देने के लिए कमेटी के अध्यक्ष डिप्टी कलेक्टर प्रतिमा ठाकरे, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्योहारे एवं संस्था के प्राचार्य प्रशांत बंजारे को टीम में शामिल किया गया। किंतु टीम के अध्यक्ष सुश्री ठाकरे का 12.30 दोपहर तक इंतजार किया गया। उनके नहीं आने पर उपस्थित पालकों व समस्त स्टाफ के समक्ष समन्वयक सतीश ब्यौहारे एवं प्रभारी प्राचार्य श्री बंजारे ने लॉटरी सिस्टम को नियमानुसार पूरा कर स्कूल में प्रवेश देने के लिए छात्र-छात्राओं का चयन कर ली सर्वप्रथम पहली कक्षा के लिए प्राप्त 338 आवेदन पर पात्र छात्रा 113 छात्र 123 को 236 छात्र-छात्राओं को लॉटरी में शामिल किया गया। जिसमें 25 बालिकाएं एवं 12 बीपीएल 13 सामान्य पात्र छात्र-छात्राओं का चयन लॉटरी सिस्टम से उपस्थित पालकों एवं शाला स्टॉफ समिति ने बारी-बारी से लॉटरी निकालकर चयन किया। इसी तरह कक्षा दूसरी एवं तीसरी के लिए भी लॉटरी सिस्टम का पालन किया गया।



प्राचार्य श्री बंजारे ने बताया कि कक्षा चौथी से बारहवीं तक के लिए लॉटरी सिस्टम का पालन नहीं किया जाएगा। इन कक्षाओं के लिए आवेदन की संख्या बहुत कम है, जो स्कूटनी के बाद और भी कम हो गया है जो कि 50 निर्धारित सीट से भी कम है इसलिए चौथी से बारहवीं तक सीधी प्रवेश की सुविधा का आदेश है। इस लॉटरी सिस्टम में सरपंच श्रीमती फूलमती जयकुमार वर्मा, उपसरपंच राजेश वर्मा, प्रबंध समिति के अध्यक्ष कमल कुमार दुबे, पीयूष दुबे, हंसाराम वर्मा, पूर्व पंच प्रहलाद वर्मा, पंच डाली दुबे, पंच योगिता चंदेल उपस्थित थे।

आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल को मूर्त रूप देने के लिए स्कूल के प्रभारी प्राचार्य बंजारे केमिस्ट्री के व्याख्याता अमृतांश राजपूत, अंग्रेजी के व्याख्याता काजल चौहान, जया मेश्राम, भारती कोर्राम, पीलेश्वरी दशहरे, अर्चना साहू, जवाहर टंडन, सहदेव बारले, पुरानिक लाल कुर्रे जुटे रहे। चयन समिति के अध्यक्ष डिप्टी कलेक्टर प्रतिमा ठाकरे शाम 4.32 बजे सिस्टम के आखिरी दौर पर पहुंची। उन्होंने कहा कि स्कूल में बाकी कक्षाओं में दाखिला के लिए प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है। समिति के समन्वयक ब्यौहारे ने कहा कि पूरे इलाके भर से छात्र-छात्राएं निकालेंगे और इस स्कूल को हर हाल में संचालित करेंगे किसी भी प्रकार के संशय की स्थिति नहीं होनी चाहिए।

लॉटरी सिस्टम से प्रवेश सूची तैयार करने में उपस्थित सरपंच श्रीमती वर्मा ने कहा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 15 नवंबर को भेंट मुलाकात कार्यक्रम में ग्रामीणों की मांग पर विधायक भुनेश्वर बघेल की अनुशंसा से गौरव ग्राम घुमका में आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले जाने की सौगात दी गई थी, जो ग्रामीणों को एक सपना लगता था अब वह साकार होने जा रहा है। बीपीएल के बच्चों को एवं बालिकाओं को तथा कोरोना से मृत हुए पालकों के बच्चों के लिए अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा साधन सहित उपलब्ध कराया जा रहा है, जो इस गांव क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। शासन का यह योजना प्रशंसनीय एवं सराहनीय है। निश्चित रूप से इसका लाभ घुमका व क्षेत्र के लोगों को होगा।

# राजस्थान ने कोलकाता को नौ विकेट से हराया, यशस्वी जायसवाल ने 98 और संजू सैमसन ने 48 रन बनाए

कोलकाता। आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता को उनके ही घरेलू मैदान ईडन गार्डन्स में 9 विकेट से करारी शिकस्त दी। कोलकाता ने पहले बैटिंग करते हुए 149 रन बनाए। इसके जवाब में राजस्थान ने 13.1 ओवरों में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। यशस्वी ने 47 गेंदों में 98 रनों की नाबाद पारी खेली। उन्होंने 12 चौके और 5 छक्के लगाए। संजू सैमसन 48 रन बनाकर नाबाद रहे। जिसमें 5 छक्के और 2 चौके शामिल थे। कोलकाता के गेंदबाज एक भी विकेट हासिल नहीं कर पाये। राजस्थान का सिर्र एक विकेट गिरा, जिसमें जॉस बटलर बिना खाता खोले रनआउट हो गये। लेकिन उसके बाद संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल ने केकेआर के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया और जमकर धुनाई की।

### यशस्वी की शानदार पारी

मैच के हीरो रहे राजस्थान रॉयल्स के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल, जो सिर्फ 2 रनों से शतक से चूक गये। लेकिन इससे पहले जायसवाल ने आईपीएल इतिहास का सबसे तेज अर्धशतक अपने नाम कर लिया। यशस्वी ने सिर्फ 13 गेंदों में 50 रनों का आंकड़ा छू लिया। यशस्वी ने पहले ही ओवर में 26 रन ठोक दिये थे।

### कोलकाता की पारी

कोलकाता ने पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान को जीत के लिए




150 रनों का लक्ष्य दिया। टीम ने 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान के साथ 149 रन बनाए। इस दौरान वेंकटेश अय्यर ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 42 गेंदों में 57 रन बनाए। राजस्थान के लिए युजवेन्द्र चहल ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया और 4 ओवरों में 25 रन देकर 4 विकेट लिए। ट्रेंट बोल्ट ने भी 2 विकेट लिए, जबकि संदीप शर्मा को एक सफलता हाथ लगी। इस वजह से कोलकाता की टीम 8 विकेट खोकर 149 रन ही बना सकी।

### राजस्थान की टॉप-4 में वापसी

राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता नाइटराइडर्स को नौ विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही उसकी टॉप-4 में वापसी हो गई है। राजस्थान की 12 मैचों में यह छठी जीत है। उसके 12 अंक हो गए हैं। राजस्थान अब तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। उसने मुंबई इंडियंस को चौथे और लखनऊ सुपर जाएंट्स को पांचवें स्थान पर खिसका दिया। दूसरी ओर, कोलकाता की टीम 12 मैचों में सातवीं हार के साथ सातवें स्थान पर खिसक गई। उसके 10 अंक हैं। कोलकाता का प्लेऑफ में पहुंचना अब मुश्किल है। राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। कोलकाता ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 149 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने 13.1 ओवर में एक विकेट पर 151 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। उसके लिए यशस्वी जायसवाल ने नाबाद 98 और कप्तान संजू सैमसन ने नाबाद 48 रन बनाए। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी की। टीम को एकमात्र झटका जोस बटलर के रूप में लगा। वह खाता खोले बगैर ही दूसरे ओवर में रन आउट हो गए थे।

### राजस्थान के गेंदबाज छाए

इससे पहले राजस्थान के गेंदबाजों ने मैच में शानदार प्रदर्शन किया। उसके लिए युजवेंद्र चहल ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। वह इस मैच के दौरान आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। ट्रेंट बोल्ट ने दो विकेट हासिल किए। संदीप शर्मा और केएम आसिफ को एक-एक सफलता मिली।

## संक्षिप्त खबरें...

### इमरान खान की गिरफ्तारी गैरकानूनी, पाक सुप्रीम का आदेश-1 घंटे में अदालत लेकर आएं

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी को गैरकानूनी करार दिया है। इससे पाकिस्तानी सेना को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, इमरान खान की गिरफ्तारी का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है। कोर्ट ने इमरान खान को एक घंटे के अंदर पेश करने के आदेश दिए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस्लामाबाद में आपकी अर्जी पर सुनवाई होनी थी। क्या इस तरह से किसी को गिरफ्तार किया जा सकता है? चीफ जस्टिस ऑफ पाकिस्तान ने कहा कि एनएबी ने कानून तोड़ा और कोर्ट का अपमान किया है। एनएबी ने जो किया अब उसे कोर्ट देखेगी। वहीं, एनएबी की ओर से दलील दी गई कि यह बहुत ही संवेदनशील मामला है।

साथ ही कहा कि ये भविष्य के लिए उदाहरण पेश करने का समय है। पाकिस्तान को जेल नहीं बनने देंगे। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट शहबाज शरीफ सरकार पर भी सख्त दिखी। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाकिस्तान के अटॉर्नी जनरल को बुलाया। पाक चीफ जस्टिस ने कहा कि हम कोर्ट का सम्मान वापस दिलाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे ही गिरफ्तारी होती रही तो लोगों का कोर्ट से भरोसा उठ जाएगा। कोर्ट में सबकी रक्षा जरूरी है।

### पाकिस्तान में इमरान खान के करीबियों पर शिकंजा, पीटीआई उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी गिरफ्तार

इस्लामाबाद। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। सिंध प्रांत को छोड़कर पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आर्मी तैनात कर दी गई है। इसी बीच पाकिस्तान में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी को पुलिस ने सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने (3एमपीओ) की धारा तीन के तहत गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

पीटीआई नेता को बुधवार दोपहर गिरफ्तार करने की पुलिस की नाकाम कोशिश के बाद इस्लामाबाद के गिलगित बाल्टिस्तान हाउस से हिरासत में ले लिया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कुरैशी पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा में दंगों और आगजनी के मामलों में वांछित है। कुरैशी ने अपनी गिरफ्तारी से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को देश में सच्ची आजादी के लिए अपना संघर्ष जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि मैंने पाकिस्तान के विदेश मंत्री के रूप में हर मंच पर देश के हितों का बचाव किया। मैं व्यावहारिक राजनीति में 40 साल से हूं। उन्होंने कहा कि मैंने कोई भडक़ाऊ बयान नहीं दिया है जिससे मुकदमों का सामना करना पड़े। कुरैशी ने हाल ही में इस्लामाबाद में पार्टी अध्यक्ष इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों में लगभग 50 लोगों के मारे जाने पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोर कमांडर लाहौर की घटना का आरोप उन पर और पार्टी अध्यक्ष श्री इमरान खान के खिलाफ झूठा है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से शांत रहने और अपने मुद्दे पर डटे रहने का आह्वान किया। ख्र में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (क्क्षद्ध) के पूर्व अध्यक्ष जॉनी बशीर ने कहा कि हमारे नेता इमरान खान को गिरफ्तार किया गया है, बिना किसी वॉरंट और चार्ज के उन्हें गिरफ्तार किया गया, हम वैश्विक समुदाय और नेता से जो यह देख रहे हैं उन्हें कहना चाहते हैं इस मानवाधिकार उल्लंघन के खिलाफ आवाज उठाएं और इस मुद्दें को देखें, हम पाकिस्तान में सिविल वॉर नहीं चाहते हैं।

### एफएओ ने दी अफगानिस्तान की गेहूं की टोकरी में टिड्डियों के हमले की चेतावनी

काबुल। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) ने देश की 'गेहूं की टोकरी' अफगानिस्तान के आठ प्रांतों में बड़े पैमाने पर मोरक्को के टिड्डियों के प्रकोप की चेतावनी दी है। हेरात और घोर प्रांतों से ताजा रिपोर्ट आने के साथ, बदख्शां, बादगीस, बागलान, बल्ख, कुंदुज, समांगन, सर-ए-पुल और तखर में टिड्डियों के देखे जाने की सूचना मिली है।

अफगानिस्तान में एफएओ प्रतिनिधि रिचर्ड ट्रेंकार्ड ने कहा,अफगानिस्तान की गेहूं की टोकरी में मोरक्कन टिड्डे के प्रकोप की रिपोर्ट एक बड़ी चिंता है। मोरक्को के टिड्डे पौधों की 150 से अधिक प्रजातियों को खाते हैं, इनमें पेड़ की फसलें, चरागाह और 50 खाद्य फसलें शामिल हैं, जो अफगानिस्तान में उगती हैं।

ट्रेंकार्ड ने कहा,इस साल अफगानिस्तान में फसल का पूवार्नुमान बहुत अच्छा है, लेकिन यह टिड्डियों के प्रकोप खतरे में है।

## भारतीय मुक्केबाजों ने विश्व चैंपियनशिप में रचा इतिहास

ताशकंद। दीपक भोरिया, मोहम्मद हुसामुद्दीन और निशांत देन ने बुधवार को विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबले जीतकर भारत के लिये तीन ऐतिहासिक कांस्य पदक सुनिश्चित कर दिये।

दो बार के राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता हुसामुद्दीन ने 57 किग्रा के चर्टरफाइनल में बुल्गारिया के जे डियाज इबनेज को 4-3 से हराया। दीपक (51 किग्रा) ने किर्गिस्तान के नूरज़िगित दुशेबाएव को 5-0 से हराकर फ्लाईवेट वर्ग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। निशांत देव ने क्यूबा के जॉर्ज क्यूलर को 5-0 से हराकर 71 किग्रा भार वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनायी।

भारत ने एक विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में पहली बार तीन पदक जीते हैं। इससे पहले वैश्विक




आयोजन में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2019 में आया था जब मनीष कौशिक और अमित पंघाल ने देश के लिये पदक जीते थे।

दिन के पहले चर्टरफाइनल में दीपक का दबदबा ऐसा था कि रेफरी को बाउट के बाद के चरणों में दियुशेबाएव को दो स्टैंडिंग काउंट देने पड़े। दीपक अपनी लंबी कद-काठी का प्रयोग कर साफ और सटीक मुक्के मारने के अवसरों की तलाश में थे।

पहले राउंड के बाद 0-5 से पीछे चल रहे दियुशेबाएव ने दूसरे दौर की आक्रामक शुरुआत की, लेकिन दीपक ने मजबूत बचाव किया और मुक्कों के उत्कृष्ट संयोजन के साथ जवाबी हमला किया।

दीपक अंतिम राउंड में अधिक रक्षात्मक दिखे, लेकिन शुरुआती दो चरणों की बढ़त उन्हें जीत दिलाने के लिये काफी थी।

इस बीच, हुसामुद्दीन ने बुल्गारिया के जे. डियाज इबनेज को 4-3 के बंटे हुए फैसले से हराकर भारत के लिए एक और पदक पक्का किया। शुरुआत से ही दोनों मुक्केबाजों के बीच कांटे की टक्कर चली।

हुसामुद्दीन को रिंग में इबनेज की चाल को भांपने में कुछ समय लगा। इस खब्बू मुक्केबाज ने रक्षण के लिए अपनी रफ्तार का उपयोग किया और जवाबी हमले करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी पर कुछ भारी वार किये।

भारतीय मुक्केबाज के लिए दूसरा राउंड काफी आरामदायक था। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी के हमलों को जल्दी से भांप लिया और बदले में भारी मुक्के मारे। तीसरे राउंड में देखा गया कि दोनों मुक्केबाजों ने सावधानी बरती और काफी आक्रामक हो गए लेकिन हुसामुद्दीन ने जीत हासिल करने के लिए अपने मुक्कों का अच्छी तरह से मिश्रण किया।

## दक्षिण अफ्रीका ने विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया

चेम्सफोर्ड। चेम्सफोर्ड के काउंटी ग्राउंड में आयरलैंड और बंगलादेश के बीच पहला एकदिवसीय मैच बारिश में धुलने के कारण दक्षिण अफ्रीका ने 2023 वनडे विश्व कप के लिये सीधे क्वालीफाई कर लिया।

दक्षिण अफ्रीका इस साल भारत में होने वाले विश्व कप के लिये सीधे क्वालीफाई करने वाली आठवीं और आखिरी टीम बन गई। प्रोटियाज ने अपने 21 सुपर लीग मैच 98 अंकों के साथ समाप्त किये थे। इस मैच से पहले आयरलैंड के 68 अंक थे। अगर आयरलैंड बंगलादेश को 3-0 से क्लीन-स्वीप कर देती, तो उसे 30 अंक प्राप्त होते और वह 98 अंकों के साथ दक्षिण अफ्रीका की बराबरी कर लेती। अगर आयरलैंड का नेट रन रेट दक्षिण अफ्रीका से अधिक



होता तो वह विश्व कप के लिये क्वालीफाई भी कर सकती थी।

पहले मैच का कोई नतीजा नहीं निकलने के कारण अब आयरलैंड को वेस्ट इंडीज, श्रीलंका, जिम्बाब्वे और नीदरलैंड के साथ पांच सहयोगी टीमों के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर टूर्नामेंट में हिस्सा लेना होगा। इस टूर्नामेंट की 10 टीमों में से शीर्ष दो विश्व कप में हिस्सा लेंगी।

न्यूजीलैंड 24 मैचों में 175 अंकों के साथ सुपर लीग तालिका में शीर्ष पर रहा, जबकि इंग्लैंड 24 मैचों में 155 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

## तीन जन सुरक्षा योजनायें आम लोगों की भलाई के लिए समर्पित : सीतारमण

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के 8 साल पूरे होने पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज कहा कि ये तीन जन सुरक्षा योजनाएं नागरिकों की भलाई लिए समर्पित हैं और अप्रत्याशित जोखिमों, हानियों और वित्तीय अनिश्चितताओं के खिलाफ मानव जीवन को सुरक्षा प्रदान करती हैं।

पीएमजेजेबीवाई के अब तक कुल 16 करोड़ से अधिक नामांकन, पीएमएसबीवाई में अब तक कुल 34 करोड़ से अधिक नामांकन और एपीवाई के लिए 5 करोड़ से अधिक लोगों ने नामांकन करा चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई का शुभारम्भ 9 मई, 2015 को कोलकाता से किया था। ये तीनों योजनाएं नागरिकों के कल्याण के लिए समर्पित हैं, जो अप्रत्याशित घटना और वित्तीय अनिश्चितताओं से मानव जीवन को सुरक्षित करने की आवश्यकता को पूरा करने के लिए हैं। सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कि देश के असंगठित वर्ग के लोग वित्तीय रूप से सुरक्षित रहे, दो बीमा योजनाएं शुरू कीं पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई। इसके साथ ही सरकार ने वृद्धावस्था की जरूरतों को पूरा करने में मदद के लिए अटल पेंशन योजना-एपीवाई भी शुरू की।



श्रीमती सीतारमण ने इन तीनों जन सुरक्षा योजनाओं के पीछे की परिकल्पना को याद करते हुए कहा, वर्ष 2014 में राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन मिशन को यह सुनिश्चित करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ शुरू किया गया था कि भारत के प्रत्येक नागरिक की पहुंच बैंकिंग सुविधाओं, वित्तीय साक्षरता और सामाजिक सुरक्षा कवरेज तक बढ़े और देश में वित्तीय समावेशन को और बढ़ावा देने के उद्देश्य से इन तीन जन सुरक्षा योजनाओं की शुरुआत की गयी थी।

वित्त मंत्री ने कहा कि ये तीन सामाजिक सुरक्षा योजनाएं नागरिकों की भलाई के लिए समर्पित हैं, जो अप्रत्याशित जोखिमों, हानियों और वित्तीय अनिश्चितताओं की स्थिति में मानव जीवन की सुरक्षा के महत्व को स्वीकार करती हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य वंचित पृष्ठभूमि के लोगों को आवश्यक वित्तीय सेवाएं प्रदान करना है, जिससे उनकी वित्तीय कमजोरी दूर किया जा सके। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि 26 अप्रैल 2023 तक पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई के तहत क्रमशः 16.2 करोड़, 34.2 करोड़ और 5.2 करोड़ नामांकन किए गए हैं।

पीएमजेजेबीवाई योजना के बारे में वित्त मंत्री ने बताया कि इस योजना ने 6.64 लाख परिवारों को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की है और बीमा दावों के रूप में इन परिवारों को 13,290 करोड़ रुपये मिले। इसी तरह से पीएमएसबीवाई योजना के तहत 1.15 लाख से अधिक परिवारों को 2,302 करोड़ रुपये के दावे प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई दोनों योजनाओं के लिए दावा प्रक्रिया को आसान बनाने की वजह से दावों का तेजी से निपटान हुआ है।

उन्होंने कहा यह देखना उत्साहजनक है कि इन योजनाओं को अधिकतम लोगों तक पहुंचाने के लिए लक्षित दृष्टिकोण के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ता से समर्पित है कि इन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ पूरे देश में प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे।

वित्त राज्य मंत्री डॉ. भागवत किशनराव कराड ने कहा, सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बीमा सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक लक्षित दृष्टिकोण अपनाया है और योजना के तहत पूरे देश में पात्र लाभार्थियों को कवरेज प्रदान करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में अभियान चलाए जा रहे हैं

इन जन सुरक्षा योजनाओं को लोकप्रिय बनाने के लिए इससे जुड़े सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए डॉ. कराड ने उन्हें इन योजनाओं से जुड़ने वाले लोगों की संख्या (कवरेज) और बढ़ाने के प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

***सुप्रीम कोर्ट के दो बड़े फैसले : लोकतंत्र और....***

गवर्नर के फैसले पर भले ही सवाल उठाया लेकिन एकनाथ शिंदे को सरकार बनाने के लिए न्यौता देने के फैसले को सही ठहराया। इस तरह शिंदे सरकार बाल-बाल बच गई। सुप्रीम कोर्ट ने एकनाथ शिंदे समेत 16 विधायकों की अयोग्यता के मामले को बड़ी बेंच को रेफर कर दिया। उद्धव ठाकरे गुट ने पार्टी से बगावत करने की वजह से इन विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग की थी। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एम आर शाह, कृष्ण मुरारी, हिमा कोहली और जस्टिस पी एस नरसिम्हा की बेंच ने इस मामले में 16 मार्च 2023 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

**उद्धव ठाकरे अपने इस्तीफे पर पछत रहे होगे :** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे आज पछता रहे होंगे कि उन्होंने 2022 में फ्लोर टेस्ट से पहले इस्तीफा क्यों दिया। उस पल को कोस रहे होंगे जब उन्होंने इस्तीफा दिया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि महाराष्ट्र के गवर्नर (भगत सिंह कोश्यारी) ने बिना किसी पुख्ता आधार के तत्कालीन सीएम उद्धव ठाकरे को पिछले साल 30 जून को बहुमत साबित करने को कहा था। लेकिन कोर्ट ने पहले की स्थिति बहाल करने से इसलिए इनकार कर दिया कि उद्धव ने फ्लोर टेस्ट के पहले ही इस्तीफा दे दिया था। सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली बेंच ने कहा, सदन में बहुमत साबित करने के लिए गवर्नर का ठाकरे को बुलाना ठीक नहीं था क्योंकि उनके पास मौजूद सामग्री से इस नतीजे पर पहुंचने का कोई कारण नहीं था कि ठाकरे सदन में बहुमत खो चुके हैं। हालांकि, पूर्व स्थिति बहाल नहीं की जा सकती क्योंकि ठाकरे ने फ्लोर टेस्ट का सामना नहीं किया और इस्तीफा दे दिया था। इसलिए राज्यपाल का सदन में सबसे बड़ी पार्टी के कहने पर सरकार बनाने के लिए शिंदे को आमंत्रित करने का फैसला सही था। यानी अगर उद्धव ठाकरे फ्लोर टेस्ट से पहले इस्तीफा नहीं दिए होते तो आज उनकी सरकार बहाल हो सकती थी। हालांकि, अब वह नैतिकता के आधार पर एकनाथ शिंदे का इस्तीफा मांग रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उद्धव ने कहा कि उनके लिए गद्दारों का सामना करना मुनासिब नहीं था, इसलिए इस्तीफा दे दिया। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम मे कहा, कानूनी तौर पर मेरा फैसला गलत हो सकता है पर मैंने नैतिक आधार पर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था। मेरी पार्टी के ही गद्दार मेरे खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए और मैं उसका सामना करूं यह नहीं हो सकता। अगर वर्तमान मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री में जरा भी नैतिकता है तो वह मेरी तरह नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देकर दिखाएं।

पेज 1 का शेष...

***छग पुलिस विभाग में 975 पदों पर होगी भर्ती,....***

व्यावसायिक परीक्षा मंडल इस भर्ती परीक्षा को आयोजित करवाएगा।

लिखित परीक्षा का कार्यक्रम : इस लिखित परीक्षा के अंतर्गत 26 मई को सुबह 8 बजे से 10.15 बजे तक हिंदी और अंग्रेजी भाषा में पेपर होगा। फिर दोपहर 2 बजे से 5:15 बजे तक सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अध्ययन की परीक्षा होगी। इसी प्रकार 27 मई को सुबह 8 बजे से 10:15 बजे तक एप्टीट्यूड टेस्ट और दोपहर 2 बजे से 4:15 बजे तक विज्ञान (गणित,भौतिकी एवं रसायन) की परीक्षा होगी। 29 मई को सुबह 8 बजे से 10:15 बजे तक कम्प्यूटर विज्ञान की परीक्षा होगी। लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी।

***टुटेजा समेत अन्य अफसरों के खिलाफ नहीं...***

जिसे कोर्ट ने संज्ञान में लिया। अधिवक्ता मतीन सिद्दिकी ने बताया, इनकम टैक्स वाला मामला दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में लंबित है। इसमें अनिल टुटेजा को अंतरिम राहत मिली हुई है। तीस हजारी कोर्ट के आदेश से क्षुब्ध होकर इनकम टैक्स विभाग ने याचिका दायर की है। ये तथ्य याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में नहीं बताया है। इसके अलावा वकील मतीन सिद्दिकी ने बताया हमने कोर्ट में तर्क देते हुए कहा सुप्रीम कोर्ट में नॉन मामले में ट्रायल पर रोक लगी है।

***छग हाईकोर्ट में 15 से ग्रीष्मकालीन....***

मामलों की सुनवाई होगी। ऐसे मामलों में बेंच मेरिट के आधार पर अपना फैसला सुनाएंगे। रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार गीष्मकालीन अवकाश के बाद 12 जून 2023 को हाई कोर्ट खुलेगा।

***शराब घोटाले मामले में कार्रवाई पर सीएम बघेल....***

गदा अन्यायी और अत्याचारियों पर चलती है, भ्रष्टाचारियों के सिर पर गदा गिरेगी।

**हिमाचल से उतरी भाजपा अब खुद समुद्र किनारे :** कर्नाटक चुनाव को लेकर आए एग्जिट पोल में कांग्रेस की स्थिति को देखते हुए मुख्समंत्री भूपेश बघेल ने खुशी जताई है। कहा कि, कर्नाटक में शुरू से ही पता था कि वहां पर भारतीय जनता पार्टी के 40 पर्सेंट वाली सरकार जा रही है और कांग्रेस आ रही है। वो भी भारी बहुमत के साथ। एग्जिट पोल उसी को मुहर लगा रहे हैं। जो यहां होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि, हिमाचल प्रदेश को देव भूमि कहते हैं। वहां हिंदू वोटर हैं, फिर भी भाजपा हारी। कहा कि, हिमाचल में ढलान से उतरने के बाद भाजपा अब समुद्र के किनारे पहुंच गई है।

***कुमारी सैलजा ने मंत्रियों से वन टू वन में....***

सब ठीक चल रहा है। दो चार छोटी-मोटी चीजें हैं, उसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। टीम बढिया है, टीम काम कर रही है। सभी एकजुट होकर चुनाव की तैयारी में लग गए हैं। अब समय कम बचा है, इसलिए तेजी से तैयारी शुरू की गई है।

## सस्ता होगा खाने का तेल, सरकार ने सोयाबीन और सूरजमुखी ऑयल पर आयात शुल्क हटाया

नई दिल्ली। जल्द ही किचन में इस्तेमाल होने वाले खाने के तेल की कीमतों में गिरावट देखी जा सकती है। दरअसल केंद्र सरकार ने टैरिफ रेट कोटा के तहत आने वाले कच्चे खाद्य तेल पर कस्टम ड्यूटी में राहत दी है। भारत सरकार ने जून तक कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल से आयात शुल्क हटाने का फैसला लिया है। सरकार ने आयात शुल्क में देने वाली छूट को लेकर स्पष्ट किया है कि 31 मार्च से पहले भेजे जाने वाले सोया तेल और सूरजमुखी तेल के आयात को मुफ्त रखा जाएगा क्योंकि आयात नियमों को लेकर भ्रम की स्थिति बन गई थी, जिससे सैकड़ों हजारों कार्गो बंदरगाहों पर फंस गए थे।

गौरतलब है, इस साल की शुरुआत में वनस्पति तेलों के दुनिया के सबसे बड़े आयातक ने 1 अप्रैल से शुरू होने वाले चालू वित्त वर्ष के लिए 2 मिलियन टन कच्चे सूरजमुखी तेल और सोया तेल के आयात शुल्क में देने वाली छूट को समाप्त कर दिया था। डीलरों का कहना था कि इस कदम से भारतीय बंदरगाहों पर करीब 90 हजार टन माल से लदे कार्गो फंस गए थे, जिन्हें 31 मार्च से पहले लोड किया गया था। वनस्पति तेल ब्रोकरेज और कंसल्टेंसी फर्म सनविन ग्रुप के सीईओ संदीप बाजोरिया ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों से कुछ कार्गो बंदरगाहों पर अटके हुए थे। अब सरकार के नए आदेश के बाद ये देश में प्रवेश कर सकते हैं। बता दें, भारत मुख्य रूप से अर्जेंटीना, ब्राजील और संयुक्त राज्य अमेरिका से सोया तेल और रूस व यूक्रेन से सूरजमुखी का आयात करता है।

## दिवालिया होगी गो फर्स्ट एयरलाइन, एनसीएलटी ने लगाई मुहर, 19 मई तक सभी फ्लाइट्स कैंसिल

नई दिल्ली । नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने वाडिया समूह की कम लागत वाली एयरलाइन गो एयरलाइंस (इंडिया) लिमिटेड द्वारा दायर स्वैच्छिक दिवाला याचिका को स्वीकार कर लिया और अंतरिम समाधान पेशेवर (आईआरपी) नियुक्त किया। वहीं एयरलाइन की सभी उड़ानों को 19 मई तक के लिए कैंसिल कर दिया गया है। इस फैसले के बाद कंपनी के मैनेजमेंट और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स को सस्पेंड कर दिया गया है।

एनसीएलटी, नई दिल्ली की प्रधान पीठ ने भी कंपनी के लिए अधिस्थगन की घोषणा की और निलंबित निदेशक मंडल को आईआरपी के साथ सहयोग करने का निर्देश दिया। ह्र्रुञ्ज ने गो फर्स्ट को अपना काम और वित्तीय बाध्यताओं को पूरा करते रहने देने के साथ किसी भी कर्मचारी की छंटनी नहीं करने को कहा है।

वैश्विक विमान इंजन निर्माता प्रैट एंड व्हिटनी पर दोषपूर्ण लोगों के लिए अतिरिक्त इंजन उपलब्ध नहीं कराने का आरोप लगाते हुए, गो एयरलाइंस ने नई दिल्ली 1 मई (आरएनएस)। 2 मई, 2023 को समाधान के लिए एक याचिका के साथ एनसीएलटी से संपर्क किया था। एयरलाइन ने एनसीएलटी से संपर्क किया था ताकि वह अपने विमानों को पट्टेदारों के कब्जे से बचा सके। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने बुधवार को वाडिया समूह की कम लागत वाली एयरलाइन गो एयरलाइंस (इंडिया) लिमिटेड द्वारा दायर स्वैच्छिक दिवाला याचिका को स्वीकार कर लिया और अंतरिम समाधान पेशेवर (आईआरपी) नियुक्त किया। वहीं एयरलाइन की सभी उड़ानों को 19 मई तक के लिए कैंसिल कर दिया गया है। इस फैसले के बाद कंपनी के मैनेजमेंट और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स को सस्पेंड कर दिया गया है।

एनसीएलटी, नई दिल्ली की प्रधान पीठ ने भी कंपनी के लिए अधिस्थगन की घोषणा की और निलंबित निदेशक मंडल को आईआरपी के साथ सहयोग करने का निर्देश दिया। गो फर्स्ट को अपना काम और वित्तीय बाध्यताओं को पूरा करते रहने देने के साथ किसी भी कर्मचारी की छंटनी नहीं करने को कहा है।

# मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना शहरी क्षेत्र के लोगों के लिए बनी संजीवनी

**शहरी स्लम बस्तियों में रहने वाले लोगों को मिल रही निः शुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं, जिले के 2 लाख 95 हजार से अधिक मरीजों का किया गया निःशुल्क ईलाज**

राजनांदगांव (दावा)। शासन द्वारा शहरी स्लम बस्तियों में रहने वाले नागरिकों तक निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की शुरूआत की गई है। शासन द्वारा समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस योजना अंतर्गत शहरी स्लम बस्तियों में चिकित्सक, पैरामेडिकल टीम, मेडिकल उपकरण एवं दवाओं से लैस मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा चिन्हांकित स्थानों पर पहुंचकर लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा स्लम क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को परिवार नियोजन एवं उससे जुड़े संसाधनों के बारे में भी बताया जा रहा है। अब हर गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति तक घर पहुंच स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध हो रही है। साथ ही अब लोगों को छोटी-छोटी बीमारियों के लिए अस्पताल तक जाने, डॉक्टरों की फीस और दवाइयों के खर्च से भी राहत मिल रही है।

शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत राजनांदगांव जिले के 4 नगरीय निकायों के विभिन्न स्थानों में कुल 3 हजार 458 कैम्प लगाकर 2 लाख 95 हजार 866 से अधिक मरीजों का निःशुल्क उपचार एवं 2 लाख 67 हजार 67 मरीजों को निःशुल्क दवाईयों वितरण तथा 68 हजार 375 मरीजों का निःशुल्क लैब टेस्ट किया जा चुका है। प्रति कैम्प औसतन 85.5 प्रतिशत मरीज उपचार के लिए आ रहे हैं। जिसमें से नगर निगम राजनांदगांव अंतर्गत 2 हजार 881 स्थानों में कैम्प लगाकर 2 लाख 60 हजार 692 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया गया है। साथ ही 2 लाख 35 हजार 825 मरीजों को निःशुल्क दवाईयों का वितरण एवं 56 हजार 869 मरीजों का निःशुल्क लैब टेस्ट किया जा चुका है। इसी प्रकार नगर पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत 216 स्थानों पर स्वास्थ्य कैम्प लगाकर 12 हजार 239 मरीजों का उपचार कर 10 हजार 50 मरीजों को निः शुल्क दवा वितरण एवं 3 हजार 556 मरीजों का निः शुल्क लैब टेस्ट किया जा चुका है। नगर पालिका डोंगरगढ़ अंतर्गत 198 स्थानों पर कैम्प लगाकर 15 हजार 165 मरीजों का उपचार कर 14 हजार 257 मरीजों को निःशुल्क दवा वितरण एवं 4 हजार 715 मरीजों का लैब टेस्ट किया गया। नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत 168 स्थानों पर कैम्प लगाकर 7 हजार 770 मरीजों का उपचार कर 6 हजार 935 मरीजों को निःशुल्क दवा वितरण एवं 3 हजार 235 मरीजों का लैब टेस्ट किया जा चुका है। मोबाइल मेडिकल यूनिट में डॉक्टर, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन और एक वाहन चालक होते हैं। मोबाइल मेडिकल यूनिट के




डॉ. शशांक झांगेर बताया कि मोबाईल मेडिकल यूनिट में 165 प्रकार की आवश्यक दवाईयां उपलब्ध होती है। साथ ही मलेरिया, डेंगू, शुगर, उच्च रक्तचाप, सीबीसी, सिकलसेल, टीबी, थायराइड, टाइफाइड जैसे 25 प्रकार के लैब टेस्ट की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा गर्भवती माताओं का हर महीने स्वास्थ्य जांच भी किया जाता है। यहां ईसीजी और ऑक्सीजन सिलेंडर की भी व्यवस्था उपलब्ध होती है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान गंभीर बीमारी का पता चलने पर मरीज को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला चिकित्सालय के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है।

राजनांदगांव जिले के गौरी नगर वार्ड नंबर 13 के निवासी श्री मेवा लाल बमभोला ने बताया कि वे सर्दी, खांसी और बुखार की जांच कराने आए हैं। जब भी यहां शहरी स्लम स्वास्थ्य की गाड़ी आती है, मैं अपना जांच करा कर निःशुल्क दवाइयां प्राप्त करता हूं। यह योजना स्लम बस्तियों में रहने वाले लोगों के लिए संजीवनी सबित हो रही है। बीपी, शुगर और खुजली की जांच कराने आए श्री विजय सिंह क्षत्रिय बताते हैं कि वह हर महीने यहां बीपी एवं शुगर की जांच कराने आते हैं और निःशुल्क शुगर की दवाई प्राप्त करते हैं। यहाँ की दवाइयों से मुझे अच्छा लाभ मिल रहा है। बीपी और शुगर का टेस्ट कराने आई श्रीमती प्रभा देवी कहती हैं कि शासन की यह योजना लोगों के स्वास्थ्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

स्वास्थ्य वाली गाड़ी हर सप्ताह यहां आती है और निः शुल्क स्वास्थ्य के जांच एवं दवाइयों का वितरण यहां किया जाता है। पेट दर्द की दवाई लेने आए श्री नरसिंह साहू कहते हैं कि पहले लोग डॉक्टर और दवाइयों के खर्च के कारण अपना स्वास्थ्य जांच नहीं करते थे और समय रहते उन्हें बीमारी का पता नहीं चल पाता था। जिससे वे धीरे-धीरे गंभीर रोग से पीड़ित हो जाते थे। जब से यह योजना आई है, लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और दवाइयों की सुविधा मिल रही है। मैं प्रत्येक महीने यहां अपना स्वास्थ्य जांच कराकर निःशुल्क दवाइयां प्राप्त करता हूं। इन दवाईयों के सेवन से मेरा स्वास्थ्य अच्छा रहता है। स्वास्थ्य जांच करने आये सभी लोगों ने इस योजना की सराहना करते हुए शासन को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश

**चिन्हांकित दुर्घटनाजन्य स्थल में स्पीड ब्रेकर, दिशा सूचक बोर्ड लगाने के दिए निर्देश, कलेक्टर ने ली कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक**

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी एस जयवर्धन ने जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की बैठक ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक वाय.अक्षय कुमार उपस्थित रहे। कलेक्टर जयवर्धन ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित क्षतिपूर्ति प्रकरणों के संबंध में कार्यवाही हेतु समन्वय बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया। कलेक्टर ने संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अंबागढ़ चौकी नगर पंचायत के पार्षद उप निर्वाचन के संबंध में जानकारी ली। पार्षद उपनिर्वाचन के दौरान निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के निर्देश तहसीलदार, एसडीओ और थाना प्रभारी को दिए। उन्होंने कहा कि शासकीय जमीन में अतिक्रमण की शिकायत मिल रही है। शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा करने से सार्वजनिक महत्व के कार्य बाधित होते हैं। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को अतिक्रमण की कार्यवाही करने से पहले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सूचित करने के निर्देश दिए। जिससे पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की ड्यूटी लगाई जा सके। उन्होंने शहर के चौक-चौराहों में पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को शाम के समय लगातार भ्रमण करने के निर्देश दिए।



जिले में जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के आपसी समन्वय से लगातार अच्छा कार्य किया जा रहा है। जिसकी कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सराहना की।

कलेक्टर जयवर्धन ने निर्माणाधीन नेशनल हाइवे के कार्य को शीघ्र पूरा कराने के लिए उच्च अधिकारियों के साथ पत्र व्यवहार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिले में सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए ऐसे चिन्हांकित दुर्घटनाजन्य स्थल में स्पीड ब्रेकर, दिशा सूचक बोर्ड लगाने कहा। उन्होंने जिले के स्टेट हाईवे अंबागढ़ चौकी से मानपुर रोड में स्पीड ब्रेकर, दिशा सूचक बोर्ड लगाने लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने नक्सल पीड़ित परिवारों को आंबटित सहायता राशि के संबंध में जानकारी समाचार पत्रों में देने कहा। चिटफंड के प्रकरणों के लंबित राशि को शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में नगर सैनिक बल की उपलब्धता के लिए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी को कार्यवाही करने कहा। धान सोसायटियों में कर्मचारियों के वेतन एवं खाद, बीज की उपलब्धता एवं वितरण को प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक को दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुप्लेश कुमार, एसडीएम मोहला हेमेन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमितनाथ योगी, कार्यपालिक दंडाधिकारी मोहला, मानपुर, अंबागढ़ चौकी, थाना प्रभारी मोहला, मानपुर उपस्थित थे।

# डी.एड. छात्राध्यापकों की रजत जयंती मिलन 14 मई को

छुरिया (दावा)। शासकीय बुनियादी प्रशिक्षण संस्था डोंगरगांव में सत्र 1997-98-99 तीनों बैच में डीएड. की प्रशिक्षण प्राप्त किये पूर्व छात्राध्यापकों ने प्रशिक्षण के बाद 25 वर्ष पूर्ण होने पर आगामी 14 मई रविवार को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक बीटीआई डोंगरगांव में रजत जयंती मिलन समारोह का भव्य आयोजन करने का निर्णय लिया है।

1997 बैच के पूर्व छात्राध्यापक एवं छुरिया निवासी दिनेश कुरेटी दिलेर ने बताया कि बीटीआई डोंगरगांव से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सत्र 1997-98-99 के डीएड छात्राध्यापक 25 वर्षों के लंबी अवधि के बाद एक दूसरे से नहीं मिल पायें है,एक दूसरे से मिलने के इच्छुक है, कुछ दिवंगत हो चुके हैं। पूर्व छात्राध्यापकों के भावनाओं का सम्मान करते हुए तीनों बैच के नेतृत्वकर्ताओं के सामूहिक नेतृत्व में गत दिनों राजनांदगाँव के होटल अवाना एवं डोंगरगांव के महाजन भवन में बैठक आयोजित कर कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवश्यक रणनीति बनाया गया। उल्लेखनीय है कि डोंगरगांव से डीएड प्रशिक्षण प्राप्त किये सत्र 1997-98-99 बैच के पूर्व छात्राध्यापक दिनेश कुरेटी, दिनेश रावटे, डॉ.मनोज रंगारी, बलराम श्रीवास, महेन्द्र कुमार हिरवानी, हरिश्चंद्र साहू, रमेश जगनायक, रूद्र कुमार रावटे एवं माधव साहू ने पच्चीस साल के अवधी में अलग-अलग विभागों व विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं प्रभावशाली कार्य करके शासकीय बुनियादी प्रशिक्षण संस्था डोंगरगांव का नाम रोशन किया हैं। कार्यक्रम में तीनों बैच के एक-एक पूर्व छात्राध्यापक को अपने अनुभव शेयर करने एवं समस्त विशेष अतिथियों को सभा संबोधन करने का अवसर प्रदान किया जायेगा।कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना,सरस्वती वंदना एवं राजगीत के साथ होगा। कार्यक्रम को यादगार ,शानदार एवं ऐतिहासिक बनाने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के पूर्व प्राचार्य शंकर वास्कले होंगे। अध्यक्षता संस्था के प्रभारी प्राचार्य आर.आर. देशलहरे,विशेष अतिथि डी.आर्या,यशवंत कुमार गहरवार, डी.के.तिवारी,प्रीति झा, शाहिदा कुरैशी, के.डी.भट्टाचार्य, नंदिता श्रीवास्तव, जे.आर. साहू, एस.के. शर्मा, जे.पी.यदु, आर.एस. ठाकुर, पी.के.साहू, एन.आर.लेंझारे, डी.के.जैन, सुजाता बोरकर, कविता दुबे, मीना गंगबेर, आई.के. सिन्हा, एन.के.चन्द्रवंशी होंगे।

कार्यक्रम में समस्त अतिथियों एवं तीनों बैच के समस्त पूर्व छात्राध्यापकों को समृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जायेगा। कोर कमेटी के सदस्य एवं कार्यक्रम संयोजक दिनेश कुरेटी, दिनेश रावटे, महेन्द्र हिरवानी, हरिश्चंद्र साहू,रूद्र कुमार रावटे, ललित महाजन, माधव साहू, चेतन सोनबोइर, जगपालन माली, चिन्ताराम महिलार्य, मुकेश देवांगन, मोमन साहू, बलराम श्रीवास, शैल शर्मा, संघमित्रा बोरकर, भुनेश्वरी साहू आदि ने तीनों बैच के समस्त सहपाठियों से उपस्थिति की अपील की है।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय बालोद में वित्तीय साक्षरता क्विज का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित



बालोद (दावा)। जिला अग्रणी बैंक द्वारा आज स्वामी आत्मानंद विद्यालय बालोद में आरबीआई वित्तीय साक्षरता क्विज का जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के पांचों विकासखण्ड बालोद, गुरुर, गुंडरदेही, डौंडीलोहारा, डौंडी के विजेताओं के बीच प्रतियोगिता हुई। इसके अंतर्गत 05 राउंड में क्विज संपन्न किया गया, जिसमे आत्मानंद गुंडरदेही की छात्राएं विजेता हुई। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ने बताया कि विजेता छात्राएं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर आरबीआई के द्वारा छात्राओं को उपहार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में आरबीआई के अधिकारी श्री दिग्विजय रावत, जिला अग्रणी बैंक से रीनू यादव, जिला अग्रणी बैंक वित्तीय साक्षरता एवं जागरूक परामर्शदाता मोहम्मद वकार कुरैशी एवं स्कूल के शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# बुद्धिष्ट बच्ची की आंखों में आई रोशनी

अंबागढ़ चौकी (दावा)। 7 मई को कोरचाटोला में बुद्ध जयंती के अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर, डॉक्टर अंबेडकर स्वास्थ्य मिशन ने लगाया। जिसमें जन्म से दृष्टिबाधित 11 साल की कन्या को बुद्धिष्ट धम्मगुरु पूज्य भदन्त धम्मतप जी चिकित्सा शिविर में लेकर आए। उस बच्ची का प्रारंभिक परीक्षण कर अन्य जांच के लिए हमने राजनांदगांव के डाक्टर विजय ऊके जी और भिलाई के नेत्र विशेषज्ञ से परामर्श कर अत्याधुनिक मशीनों द्वारा जांच कराकर आवश्यक परीक्षण कर दवाइयां दी गई तथा विशेष प्रकार का चश्मा भी दिया गया।



कुछ दिनों के इलाज से अब वह बच्ची लगभग 4-5 फीट दूरी तक देख पाती है। दवाइयों से इलाज तथा मशीनों से उपचार और विशेष चश्मा लगाने के बाद मरीज को कुछ दिखाई देने लगा तो उसने पहला चेहरा भंते धम्मतप जी का देखना चाहा, उसके बाद इलाज करने वाले डॉक्टरों का तत्पश्चात उसे इलाज के लिए लाने वाली पूरी टीम को देखा और वह खुशी के मारे उसकी आंखों से आंसू निकल रहे उसने पहली बार आईने में अपने आप को भी देखा और खुद को पहचाना। यह एक अप्रतिम पल था उसकी आंखों से बहते आंसू सभी के प्रति श्रद्धा और प्रेम के प्रतीक थे और हम सब को एक रूहानी खुशी अंदर से महसूस हो रही थी कि कुछ अच्छा नेक काम हुआ हमारी आंखों में भी ख़ुशी और सफलता की चमक थी। उसने पूरी टीम का साधुवाद दिया। जिस टीम ने उसकी जिंदगी में उजाला भर दिया।

इस सुखद अवसर पर डॉ. आंबेडकर स्वास्थ्य मिशन से डॉक्टर उदय धाबर्डे तथा भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई के सदस्य आदरणीय नरेंद्र खोबरागड़े जी, संतोष भीमटे जी, इंद्र कुमार रामटेके, प्रकाश मेश्राम, दुर्गा प्रसाद चौरे, हरिकिशन भोवते, ज्ञानचंद टेम्भुर्नीकर, बसंत नंदेश्वर, रंजू खोबरागडे, प्रितेश पाटिल और जालेन्द्र उईके उपस्थित थे। नरेंद्र खोबरागड़े जी ने इलाज के लिए उस बच्ची को अपने घर रखकर ईलाज कराया। इस टीम ने इस बच्ची के आने-जाने तथा ईलाज कराने की जिम्मेदारी तो उठाई थी साथ में भविष्य में भी आगे ईलाज और पढ़ाई की जिम्मेदारी भी वहन करने का आश्वासन दिया। भंते धम्मतप जी ने पूरी टीम को इस नेक कार्य के लिए आशीर्वाद और मंगलकामनाएं प्रेषित किये।

# कर्नाटक में भारी बहुमत से बनेगी कांग्रेस की सरकार - तरुण सिन्हा



छुरिया(दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता तरुण सिन्हा ने कहा कर्नाटक की जनता ने मन बना लिया है। देश को और राज्य को सुरक्षित हाथों में अगर रखना है, तो बटन हाथ पर ही दबाना है और आज उसी का परिणाम धीरे-धीरे पूरे देश में दिखने लगा है। हर हाथ शक्ति हर हाथ तरक्की के तर्ज पर कांग्रेस काम करती है। आज पूरा देश जान चुका है कि भाजपा सिर्फ धर्म के नाम पर राजनीति करती है सिर्फ लोगों को धर्म के पर एक दूसरे को लड़ना ही भाजपा का मूल मंत्र है फुट डालो राज करो की बातें जनता जान चुकी है। सिर्फ उद्योगपतियों की सरकार है। लोगों के इमोनंस के साथ खेलने वाली भाजपा सरकार को भी अब केंद्र से उखाड़ फेंकने की तैयारी है। कर्नाटक की जीत से पूरे देश में कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पण भाव से लोगों में आस्था बनी है। ठीक उसी प्रकार से हमारे छत्तीसगढ़ में भी प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति भी छत्तीसगढ़ की जनता बहुत भरोसा करती है और उसका परिणाम है आज छत्तीसगढ़ से भाजपा मुक्त होते हुए नजर आ रही है। आने वाले विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में दोबारा कांग्रेस की जीत भारी बहुमत से आयेगी।

# केसीजी में कोसरिया यादव समाज का जिलाध्यक्ष शीघ्र



**खैरागढ़ (दावा)।जिला कोसरिया यादव समाज का जिला अध्यक्ष ग्रामीण क्षेत्र से बनाने का निर्णय किया गया है।**

गत 7 मई 2023 रविवार को यादव भवन नया टिकरा पारा मे प्रदेश पदाधिकारी एवं चुनाव संचालन समिति के सदस्य प्रदेश उपाध्यक्षश्री अजय यादव प्रदेश सचिव, माधव कुंवर सिंह, राजेश कुमार यादव प्रदेश संगठन मंत्री, किसन लाल यादव प्रचार मंत्री, राजनांदगाव जिला के जिलाध्यक्ष मन्नालाल यादव, महेश यादव, हरीश यादव युवा अध्यक्ष, सहित खैरागढ़-छुईखदान, गंडई सल्हेवारा के सभी सर्किल अध्यक्ष सहित खैरागढ़ के समाज प्रमुख एवं महिला पदाधिकारी की उपस्थिति में खैरागढ़ नवीन जिला में खैरागढ़ कोसरिया यादव समाज के जिलाध्यक्ष चुनाव के संबंध में महती बैठक नया टिकरापारा में सम्पन्न हुआ।

जिसमें समाज के पदाधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में जल्द ही जिलाध्यक्ष का चुनाव ग्रामीण क्षेत्र से ही जिलाध्यक्ष बनाने का महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया.

# गोंडवाना यूथ क्लब समाज को नई दिशा में देने में अग्रसर



मोहला (दावा)। गोंडवाना यूथ क्लब के सदस्यता अभियान का भव्य शुभारंभ किया जा रहा है। यह अभियान 2 माह तक निरंतर गतिशील रहेगा। युवाओं, विद्यार्थियों व कर्मचारियों तथा सभी आदिवासी समाज के कल्याण एवं प्रगति हेतु अधिक से अधिक संख्या में सदस्यता लेकर समाज को अग्रसित करें।

सभी युवा साथीगण नई उत्साह से नई सोच से संगठनात्मक बैठक करके समाज को जोड़कर मजबूत बनाना है तथा हमारा गोड़वाना यूथ क्लब अपील करता है कि सभी सदस्यता ग्रहण करें सहयोग करें। आज के राजनांदगांव गोंडवाना यूथ क्लब के बैठक मंथन में विशेष रूप से संरक्षक मार्गदर्शक व आशीर्वादक प्रफुल्ल ठाकुर, डॉ. फुलेंद्र उईके, जीवन किशोर ध्रुव, देवेंद्र गोंड, अध्यक्ष नरेंद्र मंडावी, किशन ठाकुर, प्रशांत कोड़ापे, मुकेश ध्रुव, तनवीर सिंग ठाकुर, सोनू ओटी, सुरेंद्र मंडावी, विशाल ठाकुर, सुदर्शन नेताम, सोनू उईके, नरसिंह नेताम, रवि ओटी, खिलावन नेताम, हितेश सलामे, कमल सिरशाम, ऋषि कोड़ापे, अज्जू नेताम, नितिन नेताम, मोनू नेताम मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# कांग्रेस सरकार में छत्तीसगढ़ राज्य बना अपराध, भ्रष्टाचार व घोटाले का गढ़ – रविन्द्र रामटेके

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य इन दिनों अन्य राज्य के मुकाबले में अपराध भ्रष्टाचार घोटाले का प्रदेश बन गया है। क्योंकि छत्तीसगढ़ राज्य में जब से कांग्रेस सरकार सत्ता में बैठे हैं। तब से शांति प्रदेश के नाम से पहचाने जाने वाले राज्य आज अन्य प्रदेश के मुकाबले में छत्तीसगढ़ राज्य भ्रष्टाचार घोटाले के मामले में कांग्रेस सरकार नंबर वन पर चल रहे हैं। जो पिछले 15 साल के भाजपा सरकार में शांति भयमुक्त अपराध मुक्त भ्रष्टाचार मुक्त के नाम से अन्य राज्य के मुकाबले में रहते थे। इसी प्रकार अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष रविंद्र रामटेके ने छत्तीसगढ़ के कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं आबकारी मंत्री कवाशी लखमा को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के रायपुर राजधानी के महापौर के भाई 2000 करोड़ शराब घोटाले के मामले में ईडी के द्वारा कार्रवाई करने से प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा के पास कोई जवाब नहीं है।



सिर्फ ईडी को भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाकर छत्तीसगढ़ वासियों को गुमराह कर रहे हैं। लेकिन छत्तीसगढ़ के भोले भाले आम जनता कांग्रेस सरकार की कथनी और करनी से वाकिफ हो चुके हैं। कांग्रेस पुनः सत्ता में वापसी के लिए सिर्फ भूमि पूजन झूठा घोषणापत्र के सहारे 4 साल समय निकल जाने के बाद आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए चुनावी घोषणा भूमि पूजन उद्घाटन करने के सिवाय और कोई काम नहीं रहे है।

श्री रामटेके ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में जब से कांग्रेस सरकार बैठे हैं। तब से आज तक शासन द्वारा प्रशासन में कोई नियंत्रण नहीं होने के कारण आम जनता की छोटी मोटी कामों के लिए भ्रष्टाचार करने के बाद ही कुछ काम हो पाता है। खुलेआम आम जनता से काम के एवज में रिश्वतखोरी की मांग करते हैं। जिसके जानकारी शासन प्रशासन को होने के बाद भी रिश्वतखोरी करने वाले के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करते है।

इसी प्रकार शहर से लेकर गांव गांव तक अवैध शराब की बिक्री के चलते शहर सहित गांव की शांति व्यवस्था अशांति में फैल गए हैं। शहर सहित गांव के चौक चौराहा महलों में अवैध शराब की बिक्री होने से आए दिन अपराध बढ़ते जा रहे हैं। जो अवैध शराब बिक्री का मुख्य कारण है। लेकिन छत्तीसगढ़ के कांग्रेस सरकार को आम जनता की सुरक्षा के प्रति जवाबदेही नहीं होने के कारण अवैध शराब बेचने वालों की हौसले बुलंद और उसी के चलते अपराध करने वालों की दादागिरी के चलते राजनांदगांव जिला सहित छत्तीसगढ़ राज्य में आम जनता सुरक्षित नहीं है। छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव में आम जनता कांग्रेस सरकार को गलत नीतियो के कारण छत्तीसगढ़ से कांग्रेस मुक्त करने में अब देर नहीं लगने वाले हैं। कांग्रेस सरकार राजधानी ( रायपुर शहर ) के महापौर एजाज ढेवर के भाई के द्वारा 2000 करोड़ की शराब घोटाले की पर्दाफाश ईड़ी के द्वारा करने के बाद राजनागांव के शहर के अनेकों चौक में मुख्यमंत्री व आबकारी मंत्री पुतला दहन कर रहे हैं।

# अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी समाज कर्मचारी प्रकोष्ठ का वार्षिक अधिवेशन कल देवारभाट में

**महिला एवं बाल विकास मंत्री, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी-कर्मचारी रहेंगे उपस्थित**

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी समाज कर्मचारी प्रकोष्ठ का वार्षिक अधिवेशन शनिवार 13 मई को जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम देवारभाट स्थित चुरगियां मांगलिक प्रांगण में आयोजित किया गया है। अधिकारी-कर्मचारी के केंद्रीय अध्यक्ष आरएस नायक ने बताया कि इस वार्षिक अधिवेशन में महिला एवं बाल विकासमंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया, केंद्रीय अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ आरएस नायक, विधायक आमगांव महाराष्ट्र सहसराम कोरोटे, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, पूर्व विधायक मंगतूराम पंवार, डोमेन्द्र भेड़िया एवं जनकलाल ठाकुर सहित अन्य समाज प्रमुखगण उपस्थित रहेंगे। श्री नायक ने समाज के सभी अधिकारी-कर्मचारियों एवं सभी स्वजातीजनों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# भूपेश सरकार से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन ने इस्तीफा मांगा

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा द्वारा महावीर चौक में राज्य सरकार के 2000 करोड़ के शराब घोटाले के विरोध में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के शराब में राजस्व वृद्धि के दावे को झूठा और बेईमानी भरा बताते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि शराब की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई है, लगभग आंकड़ों की बात करें तो शराब की कीमतों में 50त्न की वृद्धि हुई है, जबकि भूपेश बघेल का दावा है कि राजस्व में 20त्न की वृद्धि हुई है तो शेष 30त्न की वृद्धि कहां गई। यह यक्ष प्रश्न सबके दिमाग में घूम रहा है, डॉ रमन सिंह ने कहा कि सरकार बनाने के पूर्व उन्होंने अपने घोषणापत्र में कहा था कि 1 हफ्ते में शराबबंदी की जाएगी आज सरकार घर-घर शराब पहुंचाने का काम कर रही है, कोचियो के माध्यम से पूरे प्रदेश में अवैध शराब की बिक्री जोरों पर है।

डॉ. रमन सिंह ने 2000 करोड़ के शराब घोटाले के परिपेक्ष में राज्य सरकार से इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि जिन वायदों को करके कांग्रेस सत्ता में आई वह सारे वायदे रद्दी की टोकरी में पड़े हैं, दो हजार करोड़ का शराब घोटाला, 5000 करोड़ का चावल घोटाला, गोबर घोटाला, गौठान घोटाला, राजस्व घोटाला, रेत घोटाला आदि कुल मिलाकर यह सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। डॉ रमन सिंह ने आह भरते हुए कहा कि बड़े दुख की बात है कि प्रदेश के विकास कार्य ठप पड़े हैं, केंद्र की योजनाओं का बुरा हाल है। गरीबों को आवास नसीब नहीं हो रहा है। डॉ. रमन सिंह ने जोर देकर कहा कि अब वक्त आ गया है कि आम लोग इस सरकार को उखाड़ फेंकने हेतु आगे आएं। उन्होंने कहा कि भाजपा पूरे प्रदेश में सरकार के खिलाफ सड़क की लड़ाई प्रारंभ कर चुकी है।






**शराब घोटाला में घिरी भूपेश सरकार के खिलाफ भाजपा का धरना**

### भाजपाई नेताओं ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और आबकारी मंत्री कवासी लखमा को घेरा

डॉ. रमन सिंह के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के पूर्व प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता एवं पूर्व संगठन प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने अपनी जोरदार शैली में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और आबकारी मंत्री कवासी लखमा को जमकर खिंचाई करते हुए श्रीवास्तव ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा की कांग्रेस के नेता छत्तीसगढ़ की जनता का पैसा लूटकर अपने जेब भर रहे हैं, वहीं राज्य में चांवल घोटाला,कोयला घोटाला, शराब घोटाला कर हजारों करोड़ रुपया बाहरी प्रदेश में चुनाव लड़ने के लिए लगा रहे हैं। भुपेश बघेल छत्तीसगढ़ी महतारी की बात करते हैं, लेकिन इन्होंने छत्तीसगढ़ को हमेशा लूटने का काम किया है। सरकार और सरकार में बैठे नेता हर मोर्चे पर विफल हैं, जनता जवाब देने के लिए वक्त का इंतजार कर रही है।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार धरना में भाजपा के नेताओं ने भरी गर्मी में तपते हुए कांग्रेस सरकार पर प्रहार करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता लीलाराम भोजवानी, खूबचंद पारख, सुरेश डुलानी, नीलू शर्मा, रामजी भारती, राजेन्द्र गोलछा, भरत वर्मा, शिव वर्मा, तरूण लहरवानी, मोनू बहादुर, किशुन यदु, पुष्पा गायकवाड, मधु बैद, किरण साहू, रेखा मेश्राम, पूर्णिमा साहू, संगीता मिश्रा, प्रतीक्षा भंडारी, रोहित चंद्राकर ने संबोधित करते हुए एक स्वर में कहा कि आज प्रदेश की कानून व्यवस्था हसीए पर है और भूपेश सरकार भ्रष्टाचार के काले कारनामों में लिप्त है इतने बड़े घोटाले के बाद मुख्यमंत्री बघेल को सत्ता में बने रहने का अधिकार नहीं है। बघेल को नैतिकता के आधार पर तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए उन्होंने कहा कि डीएमएफ घोटाले में बंदरबांट को तो खुद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने विधानसभा में खुलासा किया था, इसके बावजूद भूपेश सरकार आज तक निर्दयता के साथ टिकी हुई है। धरने का सफल संचालन जिला महामंत्री रविंद्र वैष्णव ने किया एवं आभार प्रदर्शन जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर ने किया।

## गबन के मामले में सरपंच को जेल

**छुरिया के बम्हनी चारभांठा ग्राम पंचायत का मामला**




डोंगरगांव (दावा)। ग्राम पंचायत में गबन के मामले में अनुविभागीय दण्डाधिकारी न्यायालय में एक सरपंच को जेल भेज दिया गया है. इनके अलावा भी अभी कई सरपंचों पर तलवार लटका हुआ है जबकि एक सरपंच को बर्खास्त भी किया जा चुका है.

मिली जानकारी के अनुसार छुरिया जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी चारभांठा के पूर्व सरपंच तोरणदास वैष्णव को सामुदायिक भवन व अन्य 5 मद की राशि को गबन कराना पाया और 22 मार्च 2021 के लंबित व 4,54,319 रूपये वसूली मामले में छ.ग.पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 92 की उपधारा 2 के अंतर्गत एसडीएम ने जेल भेज दिया है. बता दें कि उक्त सरपंच के इस तरह के तीन मामले हैं जिसमें एक मामले में पूर्ण वसूली की जा चुकी है जबकि अभी भी एक मामला जिसमें सडक़ मरम्मत, शौचालय पुताई व स्टेशनरी का 49165 रूपये वसूली का बकाया है, जिसमें सुनवाई बाकी है. सजा के पूर्व इस सरपंच को लगभग 45 बार मौका दिया गया, बावजूद इसके इन्होंने राशि जमा करने में कोई रूचि नहीं दिखाई, जिसके बाद आज 11 मई को उन्हें जेल दाखिल करने भेज दिया गया है. इसके पूर्व भी छुरिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत रानीतालाब की सरपंच कौशिल्या बांधे को धारा 40क के तहत बर्खास्त किया गया था. इस तरह के गबन के अनेक मामले अभी भी लंबित हैं, जिसमें वसूली के अभाव में कार्यवाही किया जा सकता है, जिसमें अधिकांश मामले छुरिया क्षेत्र के ही हैं. वित्तीय नियमितता, इंदिरा आवास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना, फर्जी प्रमाणक, सीसी रोड, मुरूम रोलिंग कार्य, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन, सामुदायिक शौचालय प्राथमिक शाला एवं स्वच्छ भारत मिशन योजनाओं की राशि गबन के अनेक गंभीर मामले शामिल हैं जिनमें 41 लाख रूपये से अधिक राशि की वसूली की किया जाना है.

## आईपीएल क्रिकेट सट्टा चलाने वाले के विरुद्ध कार्यवाही

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के धारा 06 एवं 07 के तहत आई.पी.एल. क्रिकेट सट्टा चलाने वाले के विरूध्द पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई. आरोपी द्वारा चेन्नई एंव दिल्ली के मैच के दौरान ऑन लाईन सट्टा खिलाने के खिलाफ कार्यवाही में मुख्य आरोपी मूलतः भिलाई का निवासी है. आरोपियों से लेन-देन संबंधी 46 लाख 33 हजार 949 रू की सट्टापट्टी भी बरामद किया गया. आरोपीगण से नगदी रकम 50 हजार 500 रू. एवं 13 नग मोबाईल फोन विभिन्न कम्पनी का व 01 नग लेपटाप, 03 हॉट स्पार्ट वाईफाई एवं 1 नग डाट पेन जप्त किया गया. प्रकरण में शामिल कुल 6 आरोपियों को प्रज्ञागिरी के पास मुर्गी फार्म डोगरगढ़ से गिरफ्तार किया गया.

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले के मार्गदर्शन पर तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ प्रभात पटेल के पर्यवेक्षण में जिले में असामाजिक तत्वो व अवैध जुआ, सट्टा, शराब पर अंकुश लगाने हेतु लगातार अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में 10 मई को प्रज्ञागिरी के पास मुर्गी फार्म में ऑनलाईन आईपीएल किकेट सट्टा बाहर से आये लोगों के द्वारा खिलाये जाने की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में टीम ने मुर्गी फार्म में रेड कार्यवाही की गई। जिसमें 06 आरोपियों को चेन्नई सुपर किंग्स एवं दिल्ली कैपिटल के मैच में हार जीत का दांव लगाकर ऑनलाईन सट्टा खिलाते हुये पकडा गया. आरोपियों के विरूद्ध थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्रमांक 261/2023 धारा 04 क जुआ एक्ट एवं छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 06 एवं 07 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया. जिन्हें माननीय न्यायालय डोगरगढ़ के समक्ष ज्यूडिसियल रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया. पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपीगण मूलतः भिलाई सेक्टर 05 व कैम्प 02 छावनी के निवासी है। आरोपियों के अपराधिक रिकार्ड की जानकारी संबंधित थानों से ली जा रही है. प्रकरण में शामिल आरोपीगण में विकास विभार पिता रामभजन विभार उम्र 25 साल निवासी सेक्टर 05 स्टूटी नंबर 42 क्वाटर 05 बी थाना भिलाई नगर, गजानंद श्रीवास्तव पिता तुकाराम श्रीवास्व उम्र 25 साल निवासी बैकुंठधाम भिलाई, अशरफ खान पिता समसाद अहमद उम्र 28 साल निवासी बुधवारीपारा, मो. साबीर पिता मो. सकुर उम्र 26 साल निवासी रजानगर, नावेद खान पिता वकील खान उम्र 25 साल निवासी भगत सिंग चौक, मो. सिराज पिता अब्दुल वहाब उम्र 28 साल निवासी रजानगर डोंगरगढ़ के निवासी है.उक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू व टीम में शामिल सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही.




**आरोपी चेन्नई एवं दिल्ली के मैच के दौरान ऑनलाईन सट्टा खिला रहे**

## युवक ने रानीसागर में डूबकर की आत्महत्या

राजनांदगांव (दावा)। तुसलीपुर साधु चाल निवासी एक 42 वर्षीय बेरोजगार युवक ने अपनी बेरोजगारी से तंग आकर बीती रात रानीसागर में डूबकर आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में बसंतपुर थाना पुलिस को जानकारी होते ही मौके पर पहुंच कर मछुआरों के माध्यम से युवक की लाश को निकलवाया और मेडिकल कालेज ले जाया गया। जहां डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। लाश की शिनाख्ती उसके भाई सुशील राणा ने की।

बताया जाता है कि मृतक अशोक राणा पिता भीम बहादुर राणा निवासी तुलसीपुर (42 वर्ष) पिछले कई अर्से से बेरोजगारी का जीवन जी रहा था। इससे उसे काफी मलाल था व उसने शराब पीना शुरू कर दिया था। बुधवार की रात 9 बजे के करीब उसने अपने घर वालों के साथ खाना खाया और टहलने जा रहा हूँ कहकर निकला तो वापिस लौटा ही नहीं। रात में लगभग ढ़ाई बजे रानीसागर में किसी युवक के डूब जाने की जानकारी थाने को मिली। निरीक्षक शभु द्विवेदी द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया व रानीसागर में तैरती लाश को मछुवारों के माध्यम से निकलवाया। लाश का पोष्टमार्टम कर के परिजनों को अंतिम संस्कार हेतु सौंप दी गई है।

## जलाराम स्वीट्स में लगी आग




राजनांदगांव (दावा)। शहर के सर्विस रोड स्थित जलाराम मिष्ठान भंडार में आज दोपहर बाद आग लग गई। होटल के ऊपरी मंजिल में लगी आग से धुंआ उठने पर लोगों को जानकारी हुई व इस संबंध में तत्काल फायर बिग्रेड को सूचना दिए जाने पर कुछ मिनट के अंतराल में दो-दो गाड़िया पहुंची व आग पर काबू पाया गया। बताया जाता है कि थर्ड फ्लोर पर स्थित कमरे में डीजल चुल्हा से काम लिया जाता है। जिस पर अचानक आग लग गई। इससे किसी प्रकार की जान-माल की क्षति नहीं हुई।

## रॉयल किड्स कान्वेंट स्कूल में समर क्लासेस में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी



राजनांदगांव(दावा)। नगर में आईसीएसई से संबद्धता प्राप्त एक मात्र संस्था रॉयल किड्स कान्वेंट में विशेष समर कक्षाएं 01 मई से प्रारंभ होकर सुचारू रूप से चल रही हैं, जिसमें कक्षा पहली से लेकर कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थी अपनी उपस्थिति देकर कक्षा में अध्ययन कर रहें हैं। आज गुरुवार के शुभ अवसर पर बच्चो को शाला प्रांगण में स्थित राम दरबार मंदिर ले जाया गया जहां मंदिर के मुख्य पुजारी के द्वारा बच्चों के लिए विशेष आरती का आयोजन किया गया और प्रार्थना पूजा कर बच्चों ने संस्कार सीखें इसी तरह प्रतिदिन नित नई कक्षाएं आयोजित की जाएगी जिससे बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। संस्था की अध्यक्षा श्रीमती डा. सविता जे.बी. सिंह उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, प्रभारी प्राचार्य गोपाल साहू (सीआईएससीई बोर्ड) बरसर आई. के. वैष्णव, प्राचार्य सुश्री सीमा डोल्हे (सीबीएसई बोर्ड), प्राचार्य रॉयल कालेज डॉ. श्रीमती अनुराधा शुक्ला, उप-प्राचार्य श्रीमती ममता मिश्रा (सीआईएससीई बोर्ड), उप-प्राचार्य श्रीमती सुषमा शुक्ला (सीजी बोर्ड), एच.एम. सुश्री सरिता सिंह एवं एक्टिविटी इंचार्ज श्रीमती अपर्णा वर्मा व सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा विशेष समर कक्षाएं हेतु बधाई दी गई तथा अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने पाल्य/पाल्या को अधिक से अधिक संख्या में इन विशेष अवसर का लाभ उठाने भेजें। संस्था द्वारा बताया गया कि आगामी सत् हेतु प्रवेश-प्रारंभ हो गया है। अभिभावकों ने संस्था द्वारा संचालित विशेष कक्षाओं को सराहनीय प्रयास बताया।

## आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु लॉटरी



राजनांदगांव (दावा)। जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद शास. उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु दिनांक 05 मई तक ऑनलाईन/ऑफलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये है। निर्धारित सीट से अधिक आवेदन की स्थिति में चयन लॉटरी पद्धति से किया जाना है। कलेक्टर महोदय द्वारा विद्यार्थियों के प्रवेश के लिये लॉटरी किये जाने हेतु जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। जिनकी उपस्थिति में दिनांक 14 मई 2023 को शहर के 2 विद्यालयों-सर्वेश्वर दास शास उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय व पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शास. उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय एवं नवीन 2 विद्यालयों स्वामी आत्मानंद शास. उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय घुमका व स्वामी आत्मानंद शास. उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भर्रेगांव में लॉटरी पद्धति से प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न किया गया। शेष नवीन 2 विद्यालयों-स्वामी आत्मानंद शास उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सुकुलदैहान/लाल बहादुर नगर एवं पूर्व के 02 विद्यालयों- स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगांव/डोंगरगढ़ में 12 मई 2023 को लॉटरी पद्धति से प्रवेश की प्रक्रिया किया जाना है।

## आज छुरिया में जिला स्तरीय तेन्दूपत्ता संग्राहकों की मांगों को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन एवं वन विभाग का घेराव

राजनांदगाँव (दावा)। जिला भाजपा अजजा मोर्चा राजनांदगाँव के तत्वावधान में छुरिया में कल 12 मई 2023 को दोपहर 1 बजे धरना प्रदर्शन एवं वन विभाग छुरिया का घेराव मांगों के दौरान संग्रहकों के साथ अजजा मोर्चा भाजपा द्वारा किया जावेगा।

एम.डी ठाकुर ने बताया कि संग्राहकों की प्रमुख मांगे तेन्दूपत्ता खरीदी 15 दिवस का किया जावे, पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की भांति तेन्दूपत्ता का बोनस प्रदान किया जावे, तेन्दूपत्ता संग्रहकों को जीवन बीमा, चरण पादूका और साड़ी, संग्रहकों के परिवार के शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों को छात्रवृत्ति सुविधायें पूर्व सरकार की भांति दिया जावे। जन घोषणा के अनुसार तेन्दूपत्ता प्रबंधकों को तृतीय कर्मचारी घोषित किया जावे, जन घोषणा के अनुरूप फड मुंशीयों को तृतीय वर्ग कर्मचारी घोषित जारी किया जावे। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं तेन्दूपत्ता प्रदेश प्रभारी मधुसूदन यादव, प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम अजजा मोर्चा छत्तीसगढ़, रमेश पटेल अध्यक्ष भाजपा राजनांदगाँव, प्रदेश उपाध्यक्ष एम.डी. ठाकुर अजजा मोर्चा, छत्तीसगढ़ जिलाध्यक्ष नीलकंठ गढे अजजा मोर्चा राजनांदगाँव, अध्यक्ष मंडल छुरिया अजय पटेल, जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, जिला उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, अध्यक्ष अजजा मोर्चा छुरिया परमानंद कुंजाम, जिला महामंत्री अजजा मोर्चा राजेश्वर ध्रुव, अजजा मोर्चा जिला प्रभारी आत्माराम चन्द्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष अजजा मोर्चा मुकुंद चन्द्रवंशी, मंडल अध्यक्ष अजजा मोर्चा रूखम चन्द्रवंशी डोंगरगाँव, गुमान सिंह नेताम एल.बी. नगर, कौशल चन्द्रवंशी कुमर्दा, हिरूराम गंगवंशी ग्रामीण डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ के भूपेश सरकार से उक्त मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा जायेगा उक्त कार्यक्रम में गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहेंगे। उपाध्यक्ष बसंत ठाकुर ने अपील की है कि तेन्दूपत्ता संग्राहक अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होवे। ताकि जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन सफल हो सके।

ओम कार श्रृंगार
मैटिंग, सीटकवर, लेमिनेशन फिल्म डोरवाईजर, वहील कवर नंबर प्लेट और सभी ब्रांड के म्यूजिक सिस्टम व जीपीएस सिस्टम व ऑल एसेसरीज
धनंजय सिन्हा
बागेश्वर मंदिर (गोल्ड टैंपल), मनसुख लाल पेट्रोल पंप के सामने, जी.ई.रोड़, राजनांदगांव
82510-20730

## फ्लोर टेस्ट की अनुमति नहीं मिलने से भड़के छुरिया के पार्षद

राजनांदगांव (दावा)। छुरिया नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ 11 पार्षदों द्वारा मोर्चा खोल लिए जाने उपरांत अविश्वास प्रस्ताव हेतु फ्लोर टेस्ट के लिए कलेक्टर से अनुमति नहीं मिलने से लगभग दर्जन भर पार्षद भड़के हुए है और प्रशासन पर आरोप लगा रहे है कि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी सिन्हा की कुर्सी बचाने के लिए उन्हें भरपूर समय दिया जा रहा है।




बता दे कि अध्यक्ष ने न.पं. उपाध्यक्ष पर झूठा इल्जाम लगा कर पुलिसिया कार्रवाई करवा दी थी। पार्षदों का खुला आरोप है कि जिले के एक बड़े कांग्रेस नेता प्रशासन के बल पर यह पूरा खेल करवा रहा है। पार्षदों द्वारा यहां तक कहा जा रहा है कि चूंकि प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता है इसलिए कांग्रेस बहुमत वाली छुरिया नगर पालिका की सत्ता को बचाने के लिए प्रशासन द्वारा भरपूर प्रयास किया जा रहा है। जबकि नगर पंचायत अध्यक्ष की तानाशाही रवैये, भ्रष्टाचारित व जबरदस्ती किसी को फंसा देने की चाल से परेशान कांग्रेस के ही पार्षद उनके खिलाफ जाकर उन्हें नगर पंचायत की गद्दी से उतारने की मन:स्थिति बना लिए है। वे सभी 18 अप्रैल को एकजुट होकर कलेक्टर को अविश्वास प्रस्ताव हेतु आवेदन प्रस्तुत की है किन्तु कलेक्टर डोमन सिंह द्वारा सभी पार्षदों का बयान दर्ज किए जाने व सभी का हस्ताक्षर मिलान किए जाने उपरांत आज तक फ्लोर टेस्ट की अनुमति नहीं दिया गया है। इससे रोष जाहिर करते हुए 11 पार्षदों ने कोर्ट तक जाने का निर्णय ले लिया है।

**मामला नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का... न्यायालय का शरण लेंगे 11 पार्षद**

### पार्षदों से खरीद-फरोख्त

कलेक्टर डोमन सिंह द्वारा बागी पार्षदों को न.पं. अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की अनुमति नहीं दिए जाने को लेकर बिफरे पार्षदों ने आज गुरूवार को एक प्रेस वार्ता की और बताया कि कलेक्टर द्वारा न.पं. अध्यक्ष की कुर्सी बचाने के लिए उन्हें दिए जा रहे भरपूर समय का फायदा श्रीमती सिन्हा उठा रही है और पार्षदों के खरीद फरोख्त के द्वार खोल दिए है तथा अपने आदमियों को भेजकर पार्षदों को 5 लाख रूपये देने उनके सगे संबंधियों को नौकरी में लगा देने के लालच सहित धमकी देने में भी कोई परहेज नहीं किया जा रहा। इससे बागी पार्षद डरे-सहमे हुए है।

### न. पं. उपाध्यक्ष को पुलिस में फंसाया

प्रेस वार्ता में उपस्थित छुरिया न.पं. उपाध्यक्ष मनोज यादव, वरिष्ठ कांग्रेस पार्षद राधेश्याम ठाकुर, भूषण नेताम, श्रीमती सीमा सिन्हा, योगेश्वर पटेल, रमेश कश्यप, सलमान खान, द्रोपदी उइके आदि ने बताया कि न.पं. अध्यक्ष ने उपाध्यक्ष मनोज यादव पर सट्टा खाईवाल होने का आरोप लगा कर पुलिस से उठवा लिया गया था। पार्षदों ने कहा कि यदि मनोज यादव सट्टा खाईवाल है तो कांग्रेस पार्टी ने उसे न.पं. छुरिया से पार्षद का टिकट कैसे दिया? स्वयं न.पं. अध्यक्ष श्रीमती सिन्हा ने मतदान कर मनोज यादव को उपाध्यक्ष बनने में सहयोग क्यों किया? इसका मतलब यह है कि वे पार्षदों को पुलिस का भय दिखाकर डराना-चमकाना चाहती है।

सभी 11 पार्षदों ने एक स्वर में कहा कि न.पं. अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा स्वयं भ्रष्टाचार में लिप्त है, जिसकी शिकायत शासन-प्रशासन व जिला कांग्रेस संगठन से की जा चुकी है। कांग्रेस की सत्ता होने की वजह से उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। वार्ड नं. 3 के पार्षद सलमान खान ने बताया कि नमाज के दिन उनके पास मस्जिद में अध्यक्ष के आदमी आकर 5 लाख रूपये का प्रलोभन दिया व कहा कि एक बार उन्हें बचा लो। वार्ड नं. 15 के पार्षद द्रोपदी उइके ने भी इसी तरह की बात बताई। वार्ड नं. 4 की पार्षद सीमा सिन्हा ने बताया कि न.पं. अध्यक्ष स्वयं उसके पास आकर उसके लड़के को शिक्षक की नौकरी लगवा देने का लालच दिया व उसे एक बार बचा लेने की बात कही। ऐसे अध्यक्ष को एक पल भी कुर्सी पर नहीं रहना चाहिए, कलेक्टर साब इसकी तत्काल इजाजत दे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुदक्र दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com